रजिस्ट्री सं. डीएल—33001/2003

REGISTERED No. DL—33001/2003

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र

The Gazette of India

साप्ताहिक/WEEKLY

प्राधिकार से प्रकाशित

PUILISHED BY AUTHORITY

सं॰ 17] नई दिल्ली, शनिवार, अप्रैल 26, 2003 (वैशाख 6, 1925)

No. 17] NEW DELHI, SAURDAY, APRIL 26, 2003 (VAISAKHA 6, 1925)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दीजाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
(Separate paging is given to ths Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

भाग I--खण्ड-1--(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं 515

भाग I--खण्ड-2--(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं 339

भाग I--खण्ड-3--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किएगए संकल्पों और असांविधिक आदेशों व सम्बन्ध में अधिसूचनाएं 1

भाग I--खण्ड-4--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं 517

भाग II--खण्ड-1--अधिनियम, अध्यादेश और विनियम *

भाग II--खण्ड-1क--अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ *

भाग II--खण्ड-2--विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट *

भाग II--खण्ड-3--उप खण्ड (i)--भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं) *

भाग II--खण्ड-3--उप खण्ड (ii)--भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं *

भाग II--खण्ड-3--उप खण्ड (iii)--भारत सरकार के मंत्रालयों (जिसमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं) *

भाग II--खण्ड-4--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश *

भाग III--खण्ड-1--उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं 617

भाग III--खण्ड-2--पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं और नोटिस 1571

भाग III--खण्ड-3--मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं *

भाग III--खण्ड-4--विधिक अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं 3767

भाग IV--गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस 12[illegible]

भाग V--अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दर्शाने वाला सम्पूरक *

1—31GI/2003

CONTENTS

PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court 515

PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court 339

PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence 1

PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence 517

PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations . . . . . *

PART II—SECTION 1A—Authoritative texts in Hindi languages of Acts, Ordinances and Regulations . . . . . *

PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills . . . . . *

PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules including Orders, Bye-laws, etc. of general character issued by the Ministry of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) . . . . . *

PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)

PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than Administration of Union Territories) . . . . . *

PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence *

PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India 617

PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs 1571

PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners . . . . . —

PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies 3767

PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies 129

PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi . . . . . *

भाग I—खण्ड 1
[PART I—SECTION 1]
[(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं]
[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 9 अप्रैल 2003

सं. 50-प्रेज/2003--राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :--

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

(1) वाई. गंगाधरन, अपर पुलिस अधीक्षक, एस.आई.बी. हैदराबाद।

(2) एन. मधुसूदन रेड्डी, अपर पुलिस अधीक्षक, करीमनगर।

(3) सी. नागेश्वर राव, निरीक्षक, एस.आई.बी. ईन्ट, हैदराबाद।

(4) एन. वेन्कटा स्वामी, उप निरीक्षक, सारंगपुर, पुलिस स्टेशन, करीमनगर।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया :

1.7.2002 को पी. डब्ल्यू के पीपुल्स गुरिल्ला आर्मी प्लाटून की दो टुकड़ियों के (लगभग 15 व्यक्ति) करीमनगर जिले के धर्मपुरी पुलिस स्टेशन के गांव नरेला की पहाड़ियों में मौजूद होने के बारे में एक आसूचना रिपोर्ट प्राप्त हुई। श्री वाई. गंगाधर, अपर पुलिस अधीक्षक ने श्री सी. नागेश्वर राव, निरीक्षक और एन. मधुसूदन रेड्डी, अपर पुलिस अधीक्षक, (आपरेशन) करीमनगर ने पी. डब्ल्यू उग्रवादियों को निष्क्रिय करने के लिए दो ग्रे हाऊन्ड स्पेशल असाल्ट यूनिटों सहित पांच पार्टियों के साथ एक विस्तृत योजना बनाई। श्री वाई. गंगाधर ने स्वयं सर्व/श्री एन. मधुसूदन रेड्डी, अपर पुलिस अधीक्षक, श्री नागेश्वर राव, निरीक्षक और एन. वेन्कटा स्वामी, उप निरीक्षक के साथ एक असाल्ट यूनिट सूर्या का नेतृत्व किया, ताकि अभियान की समग्र कमान उनके हाथ में रहे और वे इस अभियान में भाग लेने वाली सभी यूनिटों का समन्वय कर सके। 1.7.2002 की रात में, उपर्युक्त सूचना के अनुसरण में पांच यूनिटों को नरेल्ला क्षेत्र के लिए भेजा गया और छानबीन शुरु कर दी गई। 2.7.2002 को, श्री गंगाधर ने नरेल्ला की पहाड़ियों में सनकेनाबोरू पहाड़ी पर कुछ लोगों की गतिविधियां देखी। श्री गंगाधर ने इस पार्टी को दो भागों में विभाजित किया और उग्रवादियों की मौजूदगी के बारे में जानने के लिए सनकेनाबोरू पहाड़ियों की तरफ बढ़े। श्री वाई. गंगाधर और श्री नागेश्वर राव ने 11 ग्रे हाऊन्ड कमान्डो की एक टुकड़ी के साथ और श्री एन. मधुसूदन रेड्डी और श्री एन. वेन्कटा स्वामी ने 10 ग्रे हाऊन्ड कमान्डों की दूसरी टुकड़ी के साथ पहाड़ी पर चढ़ना शुरू कर दिया। वहां छिपे उग्रवादियों (लगभग 15) ने पुलिस पार्टियों को देख लिया और ए.के.-47, एस.एल.आर. और .303 राईफलों से अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। श्री गंगाधर के नेतृत्व वाली टुकड़ी ने, उग्रवादियों की गोलीबारी का सामना पहले किया, हालांकि उनके पास कोई उपयुक्त आड़ नहीं थी। वे भूमि पर लेट गए और उग्रवादियों की भारी गोलीबारी का जवाब देते हुए रेंगते हुए पहाड़ी की चोटी की तरफ बढ़ना शुरू कर दिया। इसी बीच, श्री रेड्डी, अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व वाली दूसरी टुकड़ी ने गोलीबारी का दूसरा मोर्चा खोल दिया और उग्रवादी, इन दो टुकड़ियों की गोलीबारी के बीच फंस गए और यह गोलीबारी 40 मिनट से अधिक समय तक चली जिसमें पी. डब्ल्यू की पीपुल्स गुरिल्ला आर्मी की प्लाटून ने असाल्ट पुलिस पार्टी का कड़ा मुकाबला किया। गोलीबारी बंद हो जाने के बाद, मुठभेड़ स्थल से वामपंथी उग्रवादियों के चार शव मिले। इन चारों शवों की पहचान नयलाकोन्डा रजीथा उर्फ पदमाक्का एन.टी.एस. जैड सी. सदस्य और डिवीजनल कमेटी सचिव, सी.पी. आई.एम.एल.पी.डब्ल्यू की करीमनगर पश्चिमी डिवीजन, जिस पर 5 लाख रु. का इनाम था, मादीपल्ली कनकैया उर्फ सागर स्पेशल एक्शन टीम और स्पेशल गुरिल्ला दस्ते का कमान्डर, जिसके सिर पर 2 लाख रु. का इनाम था, उपाला श्रीनू उर्फ विक्रम, स्पेशल गुरिल्ला दस्ते का सदस्य और मानासा उर्फ कंचरेला मीनामा, पदमाक्का का गार्ड के रूप में की गई। कार्रवाई के बाद एक ए.के.-47 राईफल, एक एस.एल.आर. और दो .303 राइफल बरामद हुई।

इस मुठभेड़ में, सर्वश्री वाई. गंगाधर, अपर पुलिस अधीक्षक, एन. मधुसूदन रेड्डी, अपर पुलिस अधीक्षक, सी. नागेश्वर राव, निरीक्षक और एन. वेन्कटा स्वामी, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है और फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 2 जुलाई, 2002 से दिया जाएगा।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 51 - प्रेज/2003-राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक:

श्री यू. संजीव,
उप निरीक्षक, मतवाडा पुलिस स्टेशन ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

27.4.2000 को 8.30 बजे ओ. एस.डी. वारंगल को एक सी. आई से सूचना मिली कि पी.डब्ल्यू जी के जिला समिति सचिव, रामा कृष्णा और उसकी पत्नी सहित 25 पी.डब्ल्यू जी उग्रवादी वारंगल जिले के गांव कोउकोन्डा के नजदीक चन्द्रागिरी पहाडियां में एक बैठक कर रहे हैं । ओ.एस.डी. ने वारंगल शहर स्थित ग्रेहाऊन्ड असाल्ट यूनिट और 5 जिला गारद यूनिटो को बुलाया और अभियान की योजना बनाई और पुलिस को तैनात किया । 1 बजे, ओ.एस.डी. को सन्देश मिला कि पी.डब्ल्यू.जी. उग्रवादियों और पुलिस के बीच गोलीबारी हो रही है और दोनों तरफ से हो रही इस गोलीबारी में एक कान्सटेबल जख्मी हो गया है । जब उप निरीक्षक, यू. संजीव और उसकी पार्टी ओ.एस.डी. के साथ घटनास्थल पर पहुंची तो सभी पुलिस कार्मिक एक स्थान पर एकत्र हो गए और मुठभेड के स्थान पर खुशियां मनाने लगे । अचानक उप निरीक्षक, यू. संजीव और उसकी पार्टी पर पहाड़ियों से भारी गोलीबारी हुई और पुलिस कार्मिक इधर-उधर भाग गए । उप निरीक्षक, यू. संजीव अपने कार्मिकों को सुरक्षित स्थान पर वापस लाए । लगातार पीछा करते रहने और झुलसाने वाली गर्मी की दोहरी मार के कारण कुछ असाल्ट यूनिटों ने आगे अभियान चलाने में अपनी असमर्थता प्रकट की । इस मौके पर, उप निरीक्षक, यू. संजीव ग्रुप का नेतृत्व करने के लिए स्वेच्छा से आगे आए । उनकी सहायता तीन युवा आर.एस.आई. द्वारा की गई । ओ.एस.डी. और अन्य कार्मिको ने कवर फायरिंग की, उप निरीक्षक, यू. संजीव और उनकी टीम दुश्मनो की गोलियों से जख्मी हो सकने के गम्भीर खतरे के बावजूद उनके पास बुलैट प्रुफ जैकेट नहीं थी, की परवाह न करते हुए पहाड़ी पर चढ़े । इस कार्रवाई के दौरान दुश्मनों को गुफाओं से बाहर निकालने के लिए उन्होने कुछ हथगोले फेंके । लेकिन इससे कोई लाभ नहीं हुआ क्योंकि सारे पतों में आग लग गई जिससे घना धुंआ छा गया । उप निरीक्षक, यू. संजीव और उनके साथियों ने, ओ.एस.डी. के निर्देशों का अनुसरण करते हुए गुफाओं पर हमला बोल दिया, जहां पर उनका उग्रवादियों के साथ आमने-सामने का मुकाबला हुआ, जिसमें वारंगल सिटी कमेटी सैकेट्री, श्याम, वारंगल जिला समिति सदस्य, राजाराम और स्टेशन थानापुर के एल.जी.एस. स्वपन सहित पांच उग्रवादी मारे गए । ये उग्रवादी अनेक पुलिस कार्मिकों और सिविलियनो की हत्या के लिए जिम्मेवार थे । उग्रवादियों से एक 9 एम.एम. कारबाईन, एक एस.एल.आर. दो राइफले, 303, एक 410 मस्कट और 6 एस.बी.बी.एन./डी.बी.बी.एल. हथियार बरामद हुए । इस मुठभेड में कुल 12 उग्रवादी मारे गए ।

इस मुठभेड़ में, श्री यू. संजीव, उपनिरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया और सेवा की उच्चतम परम्परा को निभाते हुए उच्चकोटि का बलिदान दिया।

यह पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 27 अप्रैल, 2000 से दिया जाएगा ।

बरुण मित्रा

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 52 - प्रेज/2003-राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री टी. योगानन्द,
अपर पुलिस उप-आयुक्त ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

मुम्बई का मोहम्मद हनीफ उर्फ यामीन टकला, छोटा शकील के एक गिरोहों में से एक गिरोह का नेता था । मुम्बई पुलिस को उसकी तलाश थी क्योंकि वह मुम्बई में और इसके आस-पास 6 हत्याओं और 10 सम्पत्ति संबंधी अपराधों में संलिप्त था । मुम्बई पुलिस ने उसका सक्रियता से पीछा किया था, इसलिए हनीफ ने हैदराबाद को अपनी गतिविधियों का केन्द्र बना लिया तथा आई0एस0आई0 और छोटा शकील के साथ सम्पर्क करके चोरी छिपे अपनी गतिविधियां चलाई । हनीफ फरार था और समाज के लिए वह एक खतरा था और आई0एस0आई0 की गतिविधियां बेकाबू थी, अतः अपर पुलिस उप-आयुक्त टी. योगानन्द ने हनीफ को पकड़ने का काम एक चुनौती मानकर लिया । उन्हें यह सूचना मिली की वह 4.11.2001 को लगभग 0230 बजे, गोलकुन्डा के नजदीक झाडियों में आग्नेयास्त्रों के लाने ले जाने के अवैध धन्धे में लगा हुआ है । हनीफ स्कूटर के पीछे बैठा हुआ था और उसका सहयोगी स्कूटर चला रहा था । वेस्ट जोन टास्क फोर्स के साथ अपर पुलिस उपायुक्त टी योगानन्द, ने आधीरात के बाद बदमाशों को आते देखा लेकिन उनके पास संगठित होने के लिए बहुत कम समय था । हनीफ को पकड़ने के किसी सुविचारित योजना से वे भाग सकते थे । अतः अपर पुलिस उपायुक्त टी. योगानन्द, अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना और अपने जीवन के प्रति खतरे से पूरी तरह अवगत होते हुए उन पर झपट पड़े, जो रफ्तार से जा रहे वाहन पर बैठे थे । जबकि स्कूटर का चालक अन्धेरे का फायदा उठाकर भाग गया, हनीफ ने अपनी पिस्तोल निकाली और गोलियां चलाई । अपर पुलिस उपायुक्त टी. योगानन्द और उनकी टीम के सदस्यों ने आत्मरक्षा में तुरन्त गोलीबारी की जिसके परिणामस्वरूप हनीफ की मृत्यु हो गई । सुबह होने पर, एक चीन निर्मित पिस्तौल, 4 देशी रिवाल्वर, 8 एम.एम. पिस्तौल के 15 सक्रिय कारतूस, एक खाली कारतूस, एक खाली मैगजीन, एक विस्फोटक डिवाइस और .30 पिस्तौल के 2 सक्रिय राऊन्ड बरामद किए गए ।

इस मुठभेड़ में, श्री टी. योगानन्द, अपर पुलिस उप आयुक्त ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 4 नवम्बर, 2001 से दिया जाएगा ।

वरुण मित्रा

(वरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 53 - प्रेज/2003-राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक
श्री जे. अमरेन्द्र रेड्डी
निरीक्षक, करीमनगर

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

27.8.1999 को लगभग 0400 बजे **श्री** जे. अमरेन्द्र रेड्डी निरीक्षक को सूचना मिली कि करीमनगर जिले के महादेवपुर क्षेत्र, प्रथीगताना, सी.पी. आई.एम.एल.(सी.पी.) के अशोकाना दलम, करीमनगर जिले के अदवी मुथारम मंडल के गांव कोनमपेट के आरक्षित वन में एकत्र हुए हैं। श्री रेड्डी, एक पार्टी के साथ तुरंत घटनास्थल की तरफ गए। घनें आरक्षित वन मे छानबीन करते समय, उन्होंने देखा कि व्यक्तियों का एक ग्रुप, कोनमपेट के आरक्षित वन में एक टेन्ट में एकत्र हो रखा हैं। पुलिस को देखने पर, उग्रवादियों ने पुलिस पार्टी पर गोलियां चलायी। श्री रेड्डी ने तुरन्त गोलियों का जवाब दिया और अपनी पार्टी को मोर्चा सम्भालने के लिए कहा और उग्रवादियों की गोलियों की बौछार के बीच अपने जीवन को खतरे में डालकर हमला आयोजित किया। 45 मिनट तक गोलियां चलती रहीं, जिसमें 5 उग्रवादी मारे गए। श्री रेड्डी ने पांचों उग्रवादियों को मार गिराया। गोलीबारी के स्थान से एक .30 केलीबर स्प्रिंग फील्ड राइफल (अमेरिका निर्मित), एक .30 कारबाईन (अमेरिका निर्मित), एक 3 एम.एम. राइफल (अमेरिका निर्मित) एक .12 बोर डी.बी.बी.एल., 8 किट बैग, टेंट, बर्तन, पार्टी का साहित्य, 153 सक्रिय गोलाबारुद बरामद हुआ। मारे गए दलामों की पहचान i)चेरुपल्ली रमेश उर्फ अशोक, कमांडर, ii)चेरुपल्ली लक्ष्मी उर्फ लक्समक्का, उप कमांडर iii)बिस्कुला सभाक्का उर्फ भरताक्का iv)मेकला वेंकटास्वामी उर्फ राजेश और v)चन्द्रागिरी नागैय्या उर्फ नागन्ना दलम सदस्य के रुप में की गई।

इस मुठभेड़ में, श्री जे. अमरेन्द्र रेड्डी, निरीक्षक, करीमनगर ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 27 अगस्त,1999 से दिया जाएगा ।

बरुण मित्रा

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 51/- पेज/2003-राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक
श्री के. श्रीनिवास,
सीनियर कमाण्डो-1241

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

10.3.2002 को सूचना मिली कि 100 से 150 पी.डब्ल्यू.जी. उग्रवादियों का एक ग्रुप नागावम रिजर्व के घने वन क्षेत्र में ठहरा हुआ है और इतूरुनाग्राम पुलिस स्टेशन पर हमला करने तथा पुलिस कार्मिकों की हत्या और शस्त्रों को लूटने की योजना बना रहा है। कुछ और ब्योरों का पता लगाने के बाद, श्रीनिवास सीनियर कमांडो अपनी यूनिट के साथ आपरेशन के लिए चल पड़े। 11.3.2002 को जब यह टुकड़ी क्षेत्र की तलाशी ले रही थी, तो पी.डब्ल्यू.जी. उग्रवादियों के संतरी ने पुलिस पार्टी को देख लिया और तत्काल गोलियां चलायीं। पास में डेरा डाले हुए अन्य उग्रवादी सतर्क हो गए, उन्होंने मोर्चा सम्भाला और स्वचालित शस्त्रों से पुलिस पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी। उग्रवादियों द्वारा भारी गोलीबारी किए जाने से पुलिस कार्मिकों का जीवन गंभीर खतरे में पड़ गया। अदम्य साहस दिखाते हुए, श्रीनिवास उग्रवादियों की संतरी चौकी के नजदीक गए और भारी जोखिम उठाते हुए एक हथगोला फेंका। हथगोले के विस्फोट से उग्रवादी भयभीत हो गए, जिससे पुलिस पार्टी को आगे बढ़ने का मौका मिल गया। उसके बाद पुलिस पार्टी पर हल्की मशीन गन से भारी गोलीबारी हुई। अनुकरणीय वीरता दिखाते हुए श्री श्रीनिवास आगे बढ़े और एल.एम.जी. चलाने वाले उगग्रादी को मार गिराया और इस प्रकार, अनेक पुलिस कार्मिकों के मूल्यवान जीवन की रक्षा की। एल.एम.जी. चलाने वाले मृतक आतंकवादी की पहचान मूला रमेश, खम्माम मिलिट्री प्लाटून सदस्य के रूप में की गई। इस अभियान में 8 उग्रवादी मारे गए, जबकि श्री यू. संजीव, उप निरीक्षक भी मारे गए।

मुठभेड़ स्थल से 1 एल.एम.जी., 2 एस.एल.आर., दो .303 राइफल, 9 एम.एम. कारबाईन, एक, 3 डी.बी.बी.एल., चार एल.एम.जी. और एस.एल.आर. मैगजीनें, 30 सक्रिय कारतूस बरामद हुए।

इस मुठभेड़ में, श्री श्रीनिवास, सीनियर कमांडो ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, राष्ट्रपति पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 11 मार्च, 2002 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 55 - प्रेज/2003-राष्ट्रपति, असम पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करत हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री दिलीप भाराली,
उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

27.10.2001 को 10.30 बजे अपराह्न को गोकलगंज पुलिस स्टेशन के अंतर्गत पालघाट डब्ल्यू.पी. के प्रभारी उप निरीक्षक दिलीप भाराली को अब्बास अली से सूचना प्राप्त हुई कि डकैतों का एक ग्रुप उसके गांव पर चढ़ाई कर रहा है। श्री दिलीप भाराली ने 7वीं ए.पी. बटालियन के 8 कार्मिकों के साथ गांव हाजिरहाट की तरफ कूच किया। जब श्री भाराली पूछताछ करने के बाद उस गांव से अपनी पार्टी के साथ लौट रहे थे तो उल्फा गुट के एक ग्रुप ने अधुनातन हथियारों से पुलिस पार्टी पर अचानक भारी गोलीबारी कर दी। इसके फलस्वरुप श्री भाराली और ड्राईवर रामनाथ राय सहित सभी पुलिस कार्मिक, गोलियों से जख्मी हो गए। गंभीर रुप से जख्मी होने के कारण ड्राईवर रामनाथ राय ने वाहन को रोक लिया। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए, श्री भाराली जो पेट में गोली लगने से गम्भीर रुप से जख्मी हो गए थे, स्वंय ड्राईविंग सीट पर बैठे और जख्मी ड्राईवर को अपनी बगल में बैठाकर वाहन को चलाकर घात के स्थान से पालघाट डब्ल्यू.पी. ले गए। इस प्रकार उन्होंने अपने जीवन को खतरे में डालकर अदम्य साहस दिखाते हुए 4 बहुमूल्य जानें, शस्त्र और गोलाबारुद बचाया।

इस मुठभेड़ में, श्री दिलीप भाराली, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 27 अक्तूबर, 2001 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 56 - प्रेज/2003-राष्ट्रपति, बिहार पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री त्रिपुरारी सिंह,
उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

22.12.1998 को कार्य बल तैयार किया गया और अपराधी तुतली सिंह और उसके गिरोह के छिपने के स्थान को घेरने के लिए तैनात किया गया। कमांडो बल ने तुतली सिंह और उसके गिरोह के छिपने के स्थान का पता लगाया और सुबोध सिंह के घर, जहां बदमाश डेरा डाले हुए थे, को घेरने में भाग लिया। जब घेरा डाला जा रहा था, तो गिरोह के कुछ सदस्यों ने पुलिस पर गोलियां चलायीं। श्री त्रिपुरारी ने उन्हें चेतावनी दी। एक गोली इस अधिकारी के बाएं हाथ में लगी, क्योंकि वह इस कार्रवाई में सबसे आगे थे और गिरोह के सदस्यों को बाहर आने के लिए ललकार रहे थे तथा यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि उन्हें सशस्त्र पुलिस कार्मिकों द्वारा चारों दिशाओं से घेर लिया जाए। उन्होंने अपने सर्विस रिवाल्वर से तत्काल गोलियां चलायीं। इसके बाद सशस्त्र बल ने भी गोलीबारी की। लगभग 6 से 7 अपराधी, सुबोध सिंह के मकान के पिछले दरवाजे, जो पश्चिमी दिशा की तरफ था, से बाहर आए। बाहर आते हुए वे पुलिस पर गोलीबारी करते रहे। श्री त्रिपुरारी सिंह ने उनका पीछा किया। प्रभारी अधिकारी, त्रिपुरारी सिंह, ने अपने जीवन को खतरे में डाला और वे अपराधी की गोली लगने से जख्मी हो गए, तब भी श्री सिंह, धीरे-धीरे लेकिन सावधानी से, जख्मी अपराधी के नजदीक गए, जो अपने साथियों के साथ भागते हुए जमीन पर गिर पड़ा था। उसके जख्मों से खून रिस रहा था। उसकी सीने में गोली लगी थी। उसके दाहिने हाथ में कारबाईन थी। प्रभारी-अधिकारी ने कारबाईन अपने हाथ में ले ली, इसकी मैगजीन खोली और उसमें 9 एम.एम. के 9 सक्रिय कारतूस पाये। आगे जांच करने पर यह प्रतीत होता था कि कारबाईन पर लिखी संख्या को मिटाया गया है। जख्मी अपराधी की पहचान तुतली सिंह के रुप में की गई जिसने बाद मे दम तोड़ दिया। भागने वाले अपराधियों की पहचान, निरंजन सिंह, रामअवतार शर्मा, संजय मुन्ना के रुप में की गई जो सभी गांव हारियो के रहने वाले थे।

इस मुठभेड़ मे, श्री त्रिपुरारी सिंह, उप निरीक्षक, ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 22 दिसम्बर, 1998 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 57 - प्रेज/2003-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री मोहम्मद शफी,
हैड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

19.12.2001 को पुलिस स्टेशन पुंछ के एस.एच.ओ., को किरनी क्षेत्र में उग्रवादियों के मौजूद होने के बारे में सूचना मिली। पुलिस स्टेशन से एक पुलिस टुकड़ी तुरंत घटनास्थल को रवाना हुई। उग्रवादियों को पकड़ने के लिए संदिग्ध क्षेत्र की घेराबंदी की गई। अचानक उग्रवादियों ने पुलिस पार्टी पर भारी गोलीबारी कर दी। बांयी दिशा से आतंकवादी द्वारा स्वचालित हथियारों से गोलियां चलाने के कारण पुलिस टुकड़ी घेरे को तंग नहीं कर पा रही थी। श्री मो. शफी, हैड कांस्टेबल, बायी दिशा से उग्रवादियों की गोलीबारी को समाप्त करवाने के लिए स्वंय आगे आए। अपनी सुरक्षा की जरा भी परवाह न करते हुए और अपने जीवन को खतरे में डालकर, वे रेंगते हुए गोलीबारी करने वाले उग्रवादियों की तरफ बढ़े। कांटों और कंकड़ों से पूरी तरह भरे हुए इस क्षेत्र में लगभग 40-45 गज की दूरी तक रेंगते हुए जाने के बाद, श्री शफी उग्रवादियों के नजदीक पहुंचने में कामयाब हो गए और उन्होंने उग्रवादियों पर एक हथगोला फेंका और उन्हें मार गिराया। इस मुठभेड़ में, 5 उग्रवादी मारे गए। इस कार्रवाई के बाद निम्नलिखित शस्त्र और गोलाबारुद बरामद हुआ :-

(i)	ए.के. 56 राइफल	-	2 नग
(ii)	पिस्तौल	-	1 नग
(iii)	रिवाल्वर	-	1 नग
(iv)	रेडिसो सेट	-	1 नग
(v)	आर.डी.एक्स	-	12 किलोग्राम
(vi)	हथगोले	-	2 नग
(vii)	यू.बी.जी.एल. हथगोला	-	22 नग
(viii)	मैगजीन ए.के.	-	2 नग
(ix)	ए.के. गोलाबारुद	-	2 नग

इस मुठभेड़ में, श्री मो. शफी, हैड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 19 दिसम्बर, 2001 से दिया जाएगा ।

(वरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 58 - प्रेज/2003-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री मोहम्मद शरीफ
हैड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

28.9.2001 को अरई क्षेत्र में उग्रवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली। श्री मोहम्मद शरीफ, हैड कांस्टेबल ने अपने स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप को संगठित किया और इस क्षेत्र की घेराबंदी की। घेराबंदी करने के दौरान जवानों पर उग्रवादियों ने भारी गोलीबारी प्रारंभ कर दी तथा हथगोले फेंके। एक स्थान से गोलीबारी होने के कारण जवान आगे नहीं बढ़ सके। इस स्थान से होने वाली गोलीबारी की आड़ में अन्य उग्रवादी घेरे से बाहर निकलने का प्रयास कर रहे थे। मोहम्मद शरीफ, हैड कांस्टेबल ने इस उग्रवादी का मुकाबला करने के लिए स्वयं को पेश किया। मोहम्मद शरीफ पिछली ओर से उसके पास पहुंचे। इस क्षेत्र में कांटेदार झाड़ियों के बावजूद वह रेंगते हुए उग्रवादी के मोर्चे की ओर बढ़े तथा उसके नजदीक पहुंचने में सफल हो गए। आमने सामने की लड़ाई में वे उस उग्रवादी को मार गिराने में सफल हो गए तथा इसके परिणामस्वरुप पुलिस पार्टी अन्य उग्रवादियों का मुकाबला कर सकी। इस मुठभेड़ में, सभी सातों उग्रवादी मारे गए। कार्रवाई के बाद निम्न मदें बरामद हुईं :-

(i)	ए.के. 56/656 राइफलें	-	6 नग
(ii)	ए.के. मैगजीन	-	24 नग
(iii)	रेडियो सेट	-	3 नग
(iv)	हथगोले	-	20 नग
(v)	पिठु	-	4 नग

इस मुठभेड़ में, श्री मुहम्मद शरीफ, हैड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 28.9.2001 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 59 - प्रेज/2003-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री सुरजीत कुमार
उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

दिनांक 11.11.2001 को पूंछ जिले के खावरियां क्षेत्र में उग्रवादियों की मौजूदगी के बारे में विशिष्ट सूचना प्राप्त होने पर श्री सुरजीत कुमार, उप निरीक्षक ने अपनी पुलिस पार्टी तथा सुरक्षा कार्मिकों के साथ एक अभियान प्रारंभ किया तथा उग्रवादियों के संभावित मार्ग पर घात लगाई। जब घेराबंदी की जा रही थी तो ऊंचे स्थान पर छिपे उग्रवादियों ने नीचे पोजीशन लिए सैनिकों पर गोलीबारी प्रारंभ कर दी। तथापि, उग्रवादियों की भारी गोलीबारी की परवाह न करते हुए श्री कुमार ने घेरा डाले रखा। इन्होंने स्वयं पुलिस दल का नेतृत्व किया और उन्होंने रेंगते हुए उस स्थान की ओर बढ़ना जारी रखा जिधर से उग्रवादी गोलीबारी कर रहे थे। आमने-सामने की लड़ाई में वे एक उग्रवादी को मारने में सफल रहे। इस अभियान में जो कई घंटे चला, सभी दस विदेशी आतंकवादी मारे गए। मारे गए चार आतंकवादियों की पहचान (1) अबू अबरार, कमांडर, लश्करे तैयबा(2) अब खालिद मुल्तानी (3) खालिद महमूद मुल्तानी तथा (4) अबू अफगानी के रुप में हुई। कार्रवाई के बाद निम्नलिखित मदें बरामद हुईं :-

(i)	पीका	-	1 नग
(ii)	ए.के. राइफल	-	6 नग
(iii)	पिस्तौल	-	3 नग
(iv)	वायरलैस सैट	-	3 नग
(v)	मैगजीन ए.के.	-	12 नग
(vi)	गोली बारुद ए.के.	-	120 राउन्द
(vii)	पीका बेल्ट	-	100 राउन्द
(viii)	पहचान पत्र	-	4 नग

इस मुठभेड़ में, श्री सुरजीत कुमार, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 11 नवम्बर, 2001 से दिया जाएगा ।

बरुण मित्रा

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 60 - प्रेज/2003-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री मोहम्मद सादिक
हैड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

13.12.2001 को हरी सुरनकोट में उग्रवादियों की मौजूदगी के बारे में सूचना प्राप्त हुई। श्री मोहम्मद सादिक को ग्रुप के अन्य सदस्यों के साथ, इन उग्रवादियों को पकड़ने का कार्य सौंपा गया। जब खोज़ी पार्टी गांव में पहुंची तो उन्होंने एक उग्रवादी को चट्टान पर खड़े देखा। उसे आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया परन्तु उसने अन्धाधुन्ध गोलीबारी प्रारंभ कर दी। पुलिस ने गोलीबारी का जवाब दिया जिसके परिणामस्वरुप यह उग्रवादी मारा गया, लेकिन गुफा में छिपे हुए एक अन्य उग्रवादी की ओर से गोलीबारी अभी भी जारी थी। यह गुफा पर्वत की चोटी के पास थी तथा तीखा ढलान होने के कारण गुफा तक पहुंचने का मार्ग कठिन था। मोहम्मद सादिक स्वेच्छा से इस तीखे ढाल पर चढ़ने के लिए आगे आए। वे स्वयं को छिपते-छिपाते गुफा तक पहुंचने में सफल हो गए और उन्होंने गुफा के अंदर एक हथगोला फेंका जिसके परिणामस्वरुप वे वहां छिपे उग्रवादी को मारने में सफल रहे। इस अभियान में कुल मिलाकर 2 उग्रवादी मारे गए। इस कारवाई के बाद निम्नलिखित मदें बरामद की गईं :-

(i)	ए.के. राइफल	-	2 नग
(ii)	मैगजीन ए.के.	-	4 नग
(iii)	ए.के. गोली बारुद	-	70 राउन्द
(iv)	पाउच	-	2 राउन्द

इस मुठभेड़ में, श्री मोहम्मद सादिक, हैड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 13 दिसम्बर, 2001 से दिया जाएगा ।

बरुण मित्रा

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 61 - प्रेज/2003-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री जोगिन्दर सिंह

हैड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

3/4.9.2001 को स्पेशल आपरेशन ग्रुप सुरनकोट को उग्रवादियों की गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त हुई। श्री जोगिन्दर सिंह, हैड कांस्टेबल के नेतृत्व में सुरक्षा कार्मिकों सहित एस.ओ.जी. सुरनकोट की टीम लक्षित स्थान की ओर रवाना हुई तथा उन्होंने रात्रि के प्रथम प्रहर में वहां घेरा डाल दिया। भोर में उग्रवादियों का एक ग्रुप पहाड़ी की चोटी से नीचे उतरता दिखा। उन्हें आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी गई परन्तु उन्होंने प्रत्युत्तर में गोली चलाना शुरु कर दिया। सुरक्षा बलों ने भी जवाबी गोलीबारी प्रारंभ कर दी जिसके परिणामस्वरूप दो उग्रवादी मारे गए। अन्य दो उग्रवादियों ने भाग कर एक घर में शरण ले ली जहां से उन्होंने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरु कर दी। जब दोनों ओर से भारी गोलीबारी हो रही थी तो श्री जोगिन्दर सिंह, हैड कांस्टेबल अपनी जान की परवाह न करते हुए मकान के पिछले ओर की खिड़की तोड़ कर उस मकान में घुसने में सफल हो गए। मकान के अंदर अंधेरा था। श्री सिंह ने चुप-चाप आगे बढ़कर उग्रवादियों को ढूंढ लिया तथा उस दिशा में गोलियां चलाई। बाद में मकान से दो उग्रवादियों के शव बरामद किए गए। इस मुठभेड़ में चार उग्रवादी मारे गए। कार्रवाई के बाद निम्नलिखित मदें बरामद की गईं :-

(i)	ए.के. 56 राइफलें	-	4 नग
(ii)	ए.के. मैग्जीन	-	12 नग

इस मुठभेड़ में, श्री जोगिन्दर सिंह, हैड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 4.9.2001 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 62 - प्रेज/2003-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री सुनील दत्ता

पुलिस अधीक्षक(आपरेशन्स) बड़गाम ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

29-30 जुलाई, 2001 के बीच की रात में ग्राम गोईगाम, जिला बारामूला के एक पवित्र स्थान के भीतर उग्रवादियों की मौजूदगी के बारें जानकारी प्राप्त होने पर एस.ओ.जी. बड़गाम ने 194 बटालियन, सीमा सुरक्षा बल, 2 आर.आर. और 122 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की सहायता से उक्त पवित्र स्थान की घेराबंदी की। पवित्र स्थान में मौजूद उग्रवादियों को आत्मसमर्पण करने को कहा गया लेकिन उन्होंने इस पर कोई ध्यान नहीं देते हुए सैनिकों पर अंधाधुन्ध गोलीबारी कर दी जिसमें 2 आर.आर. के श्री आर.के. बहुगुणा गंभीर रुप से घायल हो गए। सैनिकों पर निरंतर गोलीबारी के बावजूद उन्होंने मस्जिद की पवित्रता को ध्यान में रखते हुए जवाबी गोलीबारी नहीं की। उग्रवादियों को निष्क्रिय करने तथा यह सुनिश्चित करने के लिए कि मस्जिद की पवित्रता भंग न हो, एक सटीक अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। बड़गाम के एस.पी. ऑपरेशन, श्री सुनील दत्ता ने स्थिति का जायजा लिया तथा ऑपरेशन की योजना बनाई। इन्होंने फंसे हुए उग्रवादियों द्वारा की जा रही गोलीबारी तथा हथगोले फेंके जाने के बावजूद टीम का नेतृत्व किया। यह अधिकारी, अपनी जान की परवाह न करते हुए, पुलिस कार्मिकों द्वारा की जा रही गोलीबारी की आड़ में पवित्र स्थान तक रेंगते हुए गए और वे मस्जिद में प्रवेश करने में सफल हो गए तथा बड़े कौशल और दृढ़ निश्चय के साथ फंसे हुए उग्रवादियों को मार गिराने में कामयाब हो गए। यह आपरेशन आठ घंटे से अधिक समय तक चला ओर न तो मस्जिद को और न हीं पुलिस पार्टी को कोई नुकसान पहुंचा। मारे गए उग्रवादियों से तीन ए.के. मैग्जीनों सहित तीन ए.के. 47 राइफलें बरामद हुई।

इस मुठभेड़ में, श्री सुनील दत्ता, पुलिस अधीक्षक आपरेशन्स ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 30.7.2001 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 63 - प्रेज/2003-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री नजीर हुसैन
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

2.1.2002 को श्री नजीर हुसैन, पुलिस और सेना की उस संयुक्त टीम के एक सदस्य थे जिस पर उस स्थान, जहां उग्रवादी छिपे हुए बताए गए थे, की घेराबंदी करने के दौरान, उग्रवादियों द्वारा भारी गोलीबारी की गई। एक उग्रवादी यू.एम.जी. थामे हुए सुरक्षा बलों पर गोलियां चला रहा था जिसके परिणामस्वरुप अन्य उग्रवादी घेरा तोड़ने की कोशिश कर रहे थे। यू.एम.जी. की गोलीबारी की आड़ में कुछ उग्रवादी घेराबंदी तोड़ने और भाग निकलने में सफल हो गए। यू.एम.जी. थामे उग्रवादी को निष्क्रिय करना आवश्यक हो गया था। उग्रवादी पहाड़ी की चोटी पर थे। श्री नजीर हुसैन ने इस उग्रवादी का मुकाबला करने के लिए स्वयं को पेश किया। उग्रवादियों की ओर से भारी गोलीबारी के बावजूद श्री हुसैन 75 मीटर से अधिक दूरी तक रेंगते हुए खाई में छिपे उग्रवादियों के पास पहुंचे। बुरी तरह बहते खून की परवाह न करते हुए इन्होंने उस उग्रवादी को मार गिराने में सफलता पाई। इसके परिणामस्वरुप, अन्य उग्रवादी घेरा तोड़कर भागने में असफल रहे। इस मुठभेड़ में, पांचों उग्रवादी मारे गए। इस कार्रवाई के बाद निम्नलिखित मदें बरामद हुईं :-

(i)	ए.के. राइफल	-	3 नग
(ii)	मैगजीन ए.के.	-	13 नग
(iii)	ए.के. राइफल का गोला बारुद	-	310 राउन्ड
(iv)	पिस्तौल	-	1 नग
(v)	पिस्तौल की गोलियां	-	5 नग
(vi)	यू.एम.जी.	-	1 नग

इस मुठभेड़ में, श्री नजीर हुसैन, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 2.1.2002 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 64 - प्रेज/2003-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारी का नाम और रैंक</u>

श्री गोविन्द सिंह (मरणोपरांत)

कांस्टेबल

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:</u>

12.2.2002 को दरहल पुलिस थानें के एस.एच.ओ. को ग्राम चंबी तरार में उग्रवादियों की मौजूदगी के बारे में सूचना प्राप्त होने पर उस क्षेत्र में एक ऑपरेशन चलाने की योजना बनाई गई। उग्रवादियों ने पुलिसपार्टी को देखते ही अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दीं जिसके जवाब में आपरेशन पार्टी ने भी गोलीबारी की। पुलिस थाने से अतिरिक्त कुमुक भी मंगाई गई। प्रारंभिक मुठभेड़ में एक कट्टर उग्रवादी मारा गया परन्तु अन्य उग्रवादी विपरीत दिशा में भागा तथा उसने पहाड़ी पर उच्च स्थान पर मोर्चा जमा लिया। पुलिस पार्टी ने उसका पीछा किया। इसी बीच, पुलिस थाने से अतिरिक्त कुमुक तथा रिजर्व पुलिस भी घटना स्थल पर पहुंच गई। अत्यधिक साहस का परिचय देते हुए कांस्टेबल गोविन्द सिंह उस ओर बढ़े जहां उग्रवादी छिपा हुआ था और पुलिस पार्टी पर गोलियां चला रहा था। आमने-सामने की लड़ाई में कांस्टेबल गोविन्द सिंह ने उस उग्रवादी को मार गिराया। कांस्टेबल गोविद सिंह भी गंभीर रुप से जख्मी हो गए तथा बाद में उन्होंने घावों के कारण दम तोड़ दिया। मारे गए उग्रवादियों की पहचान अल-बदर गुट के जिला कमांडर तारिक तथा एरिया कमांडर जाजर के रूप में की गई। मुठभेड़ स्थल से 2 ए.के. 47 राइफलें, 5 मैगजीनें तथा ग्रेनेड बरामद हुए।

इस मुठभेड़ में, (दिवंगत) श्री गोविन्द सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया तथा सेवा की उच्चतम परम्परा को निभाते हुए अपने जीवन का बलिदान दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 12.2.2002 से दिया जाएगा।

(हस्ताक्षर)

(बरुण मित्रा)
निदेशक

सं0 65 - प्रेज/2003-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री के.एल. खजूरिया (मरणोपरांत)

सहायक उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

27.10.2001 को ग्राम नटनुस्सा, जिला कुपवाड़ा में उग्रवादियों के मौजूद होने की सूचना मिलने पर एस.ओ.जी. हंडवाड़ा तथा सीमा सुरक्षा बल की 17/81 बटालियन के जवानों ने घेराबंदी और तलाशी अभियान की योजना बनाई तथा इसे निष्पादित किया। पास-पड़ोस के मकानों की प्रारंभिक तलाशी लेने के बाद तमाम कोशिशें लक्षित मकान पर केन्द्रित की गईं। 81वीं बटालियन के सहायक कमांडेंट विकास भारद्वाज तथा एस.ओ.जी. हंडवाड़ा के दो कांस्टेबलों तथा सीमा सुरक्षा बल के एक कांस्टेबल के साथ सहायक निरीक्षक के.एल. खजूरिया, सावधानीपूर्वक संदिग्ध मकान में घुस गए। मकान की अटारी में घुसने के समय बक्सों/फर्नीचर के पीछे छिपे उग्रवादियों ने तलाशी पार्टी पर गोलियां चलाईं। सहायक उप निरीक्षक खजूरिया ने उसी तल पर साथ के स्थान पर मोर्चा संभाल लिया तथा उग्रवादियों के साथ बहादुरी से लड़े तथा एक उग्रवादी को उसी तल पर मार गिराया। सहायक उप निरीक्षक के सीने दाईं बाजू, बांये कंधे तथा नाक के दाहिनी ओर गोली लगने के बावजूद भी वे साहसपूर्वक उग्रवादियों से लड़े तथा उस घर में दस मिनट तक गोलीबारी/मुठभेड़ के बाद उतर कर नीचे आए तथा गंभीर अवस्था में मकान से बाहर आ गए। तथापि, अस्पताल ले जाते समय उन्होंने घावों के कारण रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

स्थल से निम्नलिखित मदें प्राप्त हुईं :-

1.	ए.के. 56 राइफल	-	1 नग
2.	राइफल ग्रेनेड लांचर	-	1 नग
3.	मैगजीन ए.के. 56 राइफल	-	5 नग(एक आधी टूटी हुई)
4.	ई.एफ.सी.	-	55 नग
5.	वायरलेस सेट के हिस्से	-	(सभी जले हुए)

इस मुठभेड़ में, (दिवंगत)श्री के.एल. खजूरिया, सहायक उप निरीक्षक, ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया तथा सेवा की उच्चतम परंपरा को निभाते हुए उच्च कोटि का बलिदान दिया।

यह राष्ट्रपति का पुलिस पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 27.10.2001 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 66 - प्रेज/2003-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री शरबत हुसैन शाह,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

19 नवम्बर, 2001 को कांस्टेबल शरबत हुसैन शाह हरी सुरानकोट में एक टुकड़ी का नेतृत्व कर रहे थे । इस पार्टी ने ऊंचाई पर कुछ उग्रवादियों का पता लगाया । ये उग्रवादी, पुलिस पार्टी और सुरक्षा बलों पर गोलीबारी कर रहे थे । उग्रवादियों को निष्क्रिय करने के लिए बलों को खड़ी ढाल पर चढ़ना था । लगातार गोलीबारी और खडी ढाल श्री शाह को इस टुकड़ी का नेतृत्व करने से नहीं रोक सके। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए यह कांस्टेबल उग्रवादियों के काफी नजदीक पहुंच गया और इस प्रक्रिया में इन्होंने दो उग्रवादियों का स्वयं ही सफाया कर दिया । इस कार्रवाई के दौरान एक किरच उनकी दाईं आंख में आ लगी । ऐसा होने पर भी यह कांस्टेबल अपने कार्मिकों का नेतृत्व करता रहा और अन्ततः मुठभेड़ में एच.एम. के एक क्षेत्रीय कमाण्डर सहित 6 विदेशी उग्रवादियों को मार गिराया गया । कांस्टेबल को बाद में इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया । मुठभेड़ स्थल से, 04 राइफल ए.के.-47, 09 मैगजीन ए.के., 01 स्नाईपर राइफल, 01 मैगजीन स्नाईपर राइफल, 240 राउन्द गोला बारूद ए.के., 10 राउन्द गोलाबारूद स्नाईपर, 01 रेडियो सेट यास्सू, 12 हथगोले, 10 इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, और यू.बी.जी.एल ग्रेनेड-02 बरामद किए गए ।

इस मुठभेड़ में, श्री शरबत हुसैन शाह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 19 नवम्बर, 2001 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 67 - प्रेज/2003-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री मोहम्मद रशीद,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

08.10.2001 को मलहन क्षेत्र में उग्रवादियों की उपस्थिति के बारे में सूचना प्राप्त हुई । कांस्टेबल मोहम्मद रशीद और अन्य पुलिस कार्मिकों को 9 पैरा के साथ छान-बीन अभियानों में भाग लेने के लिए तैनात किया गया । यह अन्धेरी रात थी और टुकडियों को घने जंगल से होकर गुजरना था । जब पार्टी जंगल में जा रही थी तो उग्रवादियों ने उनपर भारी गोलीबारी शुरू कर दी । सैनिकों ने मोर्चा सम्भाला और गोलीबारी का जवाब दिया परन्तु वह उग्रवादियों को मार नहीं सके। उग्रवादी बलों के समीप आ रहे थे और प्रभारी अधिकारी ने उग्रवादियों की भारी संख्या में मौजूदगी के मद्देनजर अपनी टुकड़ियों को पीछे हटने की सलाह दी । कांस्टेबल रशीद, तथापि, पीछे नहीं हटे और उग्रवादियों की तरफ आगे बढ़ते रहे । उग्रवादियों में से एक के साथ लड़ाई में कांस्टेबल रशीद उसे मौके पर ही मार गिराने में सफल हो गए । तब तक और कुमुक पहुंच गई और एक मुठभेड़ हुई जो लगभग 7 घंटे तक चली । तथापि, उग्रवादी बचकर भागने में सफल रहे । मारे गए उग्रवादी की पहचान अबू उबैदा, जे.इ.एम. गुट के जिला कमाण्डर के रूप में की गई । मारे गए उग्रवादी से, एक ए.के.-56 राइफल, 04 ए.के. मैगजीन, ए.के. गोला बारूद के 60 राउन्द, रेडियो सैट-1 और हथगोले-3, बरामद हुए ।

इस मुठभेड़ में, श्री मोहम्मद रशीद, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 8 अक्तूबर, 2001 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 68 - प्रेज/2003-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

श्री विशाल शर्मा,
उप निरीक्षक, जम्मू और कश्मीर

श्री धीरज कोहली, (मरणोपरांत)
कांस्टेबल, जम्मू और कश्मीर

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

30.03.2002 को लगभग 1015 बजे, दो उग्रवादियों ने अपने बस्तों से ए.के. राइफलें बाहर निकाली और रघुनाथ जी मन्दिर, जम्मू के सामने चौराहे के सामान्य क्षेत्र में अन्धाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी । एक उग्रवादी सिटी चौक की तरफ गया और दूसरा एस एस बी के दो गार्डों को मारने के पश्चात रघुनाथ जी मन्दिर में प्रवेश करने में सफल हो गया। सिटी चौक की तरफ गए उग्रवादी का पीछा उप निरीक्षक विशाल शर्मा और कांस्टेबल निर्मल प्रकाश, के0रि0पु0 बल ने किया । दोनों अधिकारी, मन्दिर के बाहर द्वार पर नियमित तैनाती, जिसमे एक उप निरीक्षक, और पुलिस स्टेशन सिटी के तीन अधिकारी और के0रि0पु0 बल की एक सैक्शन शामिल थी, का एक भाग थे । सिटी चौक की तरफ बढ़ते हुए उस उग्रवादी ने दो व्यक्तियों को मार दिया तथा 18 व्यक्तियों को घायल कर दिया । रास्ते में, उसने हरी थियेटर के सामने खड़ी सेलो कार पर एक ग्रेनेड भी फेंका जिससे कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई । उप निरीक्षक विशाल शर्मा और कांस्टेबल निर्मल प्रकाश अपने ऊपर गोलीबारी होने के खतरे के बावजूद उग्रवादी का पीछा करते रहे । वे अन्ततः उस उग्रवादी को मारने में सफल हो गए । दूसरा उग्रवादी, जो रघुनाथ जी मंदिर में घुस गया था, ने एक महिला तीर्थयात्री और एक मन्दिर कर्मचारी को मार दिया । कांस्टेबल धीरज कोहली ने सूझबूझ और जिम्मेवारी की भावना का परिचय देते हुए उग्रवादी का पीछा किया जिसने नटराज मन्दिर की बगल में स्थित छोटे समाधि मन्दिर में शरण ले ली । कांस्टेबल धीरज कोहली बहादुरी से उस उग्रवादी के साथ लड़े जो उस ग्रेनेड के हाथ में फटने से मारा गया जिसे वह ले जा रहा था । कांस्टेबल धीरज कोहली भी इस मुठभेड़ में शहीद हुए । मुठभेड़ के पश्चात् 2 ए.के. 47 राइफलें, 8 ए.के.-मैगजीन, मैगजीन के साथ एक चीनी पिस्तौल, ए.के. राइफल के 125 राउन्द, पिस्तौल के 15 राउन्द और 7 प्लास्टिक ग्रेनेड बरामद किए गए ।

इस मुठभेड़ में, (दिवंगत) श्री धीरज कोहली, कांस्टेबल और श्री विशाल शर्मा, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 30 मार्च, 2002 से दिया जाएगा ।

बरुण मित्रा

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 69 - प्रेज/2003-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री मकसूद खान,
एस जी कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

20.02.2002 को एस जी कांस्टेबल मकसूद खान हरी में एक छान-बीन अभियान में एक टुकड़ी का नेतृत्व कर रहे थे । छान-बीन पार्टी पर उग्रवादियों द्वारा गोलीबारी की गई । श्री खान ने अपने जवानों को मोर्चा संभालने का निदेश दिया । उग्रवादियों की गोली उनके बिल्कुल पास से होकर निकली । चूंकि एस जी कांस्टेबल मकसूद खान के साथ सीमित संख्या में जवान थे अत: यह सम्भव नहीं था कि उग्रवादियों पर हमला किया जाए, क्योंकि उग्रवादी भारी संख्या में उपस्थित थे । इसलिए, श्री खान ने उग्रवादियों से भिड़ने के लिए एक युक्ति निकाली । उन्होंने उग्रवादियों को धोखे में रखने के लिए अपने सैनिकों को गोलीबारी न करने की सलाह दी । यह उग्रवादियों की तरफ बढ़ने के लिए स्वयं आगे आए और लगभग 50 गज चुपचाप रेंगने के पश्चात, उग्रवादियों के नजदीक पहुंच गए । आमने-सामने की गोलीबारी में वह उग्रवादियों का सफाया करने में सफल हुए । इस मुठभेड़ में, सभी तीनों उग्रवादी मारे गए । 3-ए.के. 56 राइफलें, 09 मैगजीन ए.के., 93 राउन्द गोलाबारुद ए.के., टूटे हुए 2 रेडियो सेट, 7 हथगोले और 8 डेटोनेटर इलैक्ट्रिक भी बरामद किए गए ।

इस मुठभेड़ में, श्री मकसूद खान, एस.जी. कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 20 फरवरी, 2002 से दिया जाएगा ।

बरुण मित्रा

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 70 - प्रेज/2003-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री मसूफ अहमद,
उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

20.7.2001 को जिला पूंछ के शैला नदियां-गरियां क्षेत्र में उग्रवादियों की उपस्थिति के बारे में एक सूचना मिली। तद्नुसार, एक पुलिस पार्टी उप निरीक्षक मसूफ अहमद की कमान में उस क्षेत्र में आपरेशन चलाने के लिए रवाना हुई । उग्रवादी कंटीली झाड़ियों और जंगली घास वाले घने जंगल में थे । आपरेशन पार्टी जब उस क्षेत्र की ओर बढ़ रही थी तो छिपे उग्रवादियों ने एकाएक भारी गोलीबारी शुरू कर दी । गोलीबारी के बावजूद, आपरेशन पार्टी ने उस क्षेत्र की घेराबंदी की और आगे बढ़ती रही । आपरेशन पार्टी का घेरा पल-पल तंग होता जा रहा था । इसी बीच, गोलियों की एक बौछार उप निरीक्षक मसूफ अहमद पर हुई जो उनके बिल्कुल पास से गुजर गई । उन्होंने एक उग्रवादी को घेराबन्दी तोड़ने का प्रयास करते देखा । बड़े साहस का परिचय देते हुए और भारी गोलीबारी से विचलित हुए बगैर, श्री मसूफ अहमद, उप निरीक्षक ने उग्रवादी पर गोलीबारी की और उसे मार गिराने में सफल हुए । धैर्य और दृढ़ता के साथ उप निरीक्षक मसूफ अहमद और उनकी पार्टी 03 अन्य दुर्दान्त उग्रवादियों को भी समाप्त करने में सफल रही । उस क्षेत्र की तलाशी के दौरान: (क) 4 ए.के.-47/56 राइफलें (ख) 15 ए.के. मैगजीनें (ग) गोला बारूद ए.के. 820 राउन्द (घ) 01 आर पी जी लौंचर (ड) 60 एम.एम. मोर्टर - 01 (च) 60 एम एम मोर्टर बम - 11 (छ) एक रिमोट के साथ यू ए वी और लौंचर 04 (ज) आर्मी सैल 01 (झ) यू बी जी एल 07 (ञ) यू बी जी एल ग्रेनेड 03 (ट) यू बी जी एल एच/ग्रेनेड 34 (ठ)आर पी जी रॉकेट 09 (ड) आर पी जी बूस्टर 09 (ढ) डब्ल्यू/ सेट 02 (ण) डब्ल्यू/सेट एंटिना 15 (त) आई इ डी ट्रीग्रिंग डिवाइस 33 (थ) लाइकली आई ई डी बूस्टर 29 (द) पानी की बोतल 12 (ध) पाउच 04 (न) इलैक्ट्रिक डेटोनेटर 20 (प) रूक सेक 12 (फ) डायरी 01 (ब) शॉल (भ) भारतीय मुद्रा 10,000/- रूपये (म) पाकिस्तानी मुद्रा 1680/- (य) ए.के. ट्रेसर 15 राउन्द भी बरामद किए गए ।

इस मुठभेड़ में, श्री श्री मसूफ अहमद, उप-निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 20.07.2001 से दिया जाएगा ।

बरुण मित्रा

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 71 - प्रेज/2003-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. सुनील कुमार, भा0पु0से0 पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) श्रीनगर
2. फारूख अहमद रेशी, निरीक्षक
3. हरबिन्दर सिंह, हैड कांस्टेबल
4. नरेन्द्र कुमार, कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

उग्रवादियों की छत्तरहामा, जाकूरा क्षेत्र में उपस्थिति और अतिविशिष्ट व्यक्तियों की हत्या करने की उनकी योजना के बारे में, विशिष्ट सूचना पर, श्री सुनील कुमार, पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) श्रीनगर की कमान में एक संयुक्त टीम का गठन किया गया । 20.11.2001 को, पहाड़ के ऊपर स्थित एक मकान में छिपे उग्रवादियों को पकड़ने के लिए एक आपरेशन शुरू किया गया । आपरेशन पार्टी ने उस मकान को तीन तरफ से घेरना प्रारम्भ कर दिया । श्री सुनील कुमार की कमान में यह पार्टी सामने से ऊपर चढ़ी । इस पार्टी ने धीर-धीरे, लगभग रेंगते हुए चढ़ना प्रारम्भ किया क्योंकि घर में छिपे उग्रवादियों को ढाल साफ-साफ दिखाई दे रही थी । श्री सुनील कुमार को सूचित किया गया कि उग्रवादियों ने 2-3 नागरिकों को बन्धक बना रखा है । इसलिए बड़े पैमाने पर हमला करने से इन नागरिकों की जान को खतरा हो सकता था। श्री सुनील कुमार ने निरीक्षक फारूख अहमद रेशी, हैड कांस्टेबल हरबिन्दर सिंह और कांस्टेबल नरेन्द्र कुमार को अपने साथ, मकान के समीप आने को कहा ताकि नागरिकों को निकाला जा सके। अचानक अन्दर से गोलियों की बौछार हुई। इससे पूर्व कि तीनों मोर्चा सम्भालते, एक ग्रेनेड अन्दर से फेंका गया जो उनके बहुत समीप फटा । क्षण भर भी गंवाए बगैर श्री सुनील कुमार ने अन्तिम हमला करने का निर्णय लिया क्योंकि देरी करने से आतंकवादी बन्धकों को मार सकते थे और अन्धेरे का लाभ उठा कर पीछे से बचकर भाग सकते थे । तीनों ने घर की तरफ रेंगना प्रारम्भ किया और जब वह घर से मात्र 10 मीटर की दूरी पर थे तो उन पर फिर से अन्दर से भारी गोलीबारी हुई । श्री सुनील कुमार ने मकान के अन्दर उग्रवादियों को देख लिया और उन पर गोलीबारी शुरू कर दी । एक उग्रवादी नीचे गिर गया और दूसरा खिड़की से बाहर कूदा और श्री सुनील कुमार की तरफ आया । हैड कांस्टेबल हरबिन्दर सिंह और कांस्टेबल नरेन्द्र कुमार तुरन्त हरकत में आए और उस पर दोनों ने एक साथ गोलीबारी की जिससे वह उग्रवादी उनसे मात्र 5 मीटर की दूरी पर उसी समय मारा गया। पुलिस ने बन्धकों को छुड़ा लिया । मारे गए उग्रवादी पाकिस्तानी आतंकवादी थे जिनके नाम हैं:- हफीज अशान अली उर्फ अब्दुल्लाह उर्फ डा0 शोकतर उर्फ डा0 नईम, अल बदर का चीफ कमाण्डर, निवासी पाकिस्तान और सैयद तालहा अहमद उर्फ अमीर उर्फ तंजील उर्फ इमरान अल बदर का कमाण्डर, निवासी पाकिस्तान । मारे गए उगग्रादियों से 01-ए.के. 47 राइफल, 01 ए.के.-56 राइफल, 04 ए.के. मैगजीन, ए.के. गोलाबारूद के 15 राउन्द, 02 राइफल ग्रेनेड, 01 ग्रेनेड थ्रोअर, 01 वायरलैस सेट और 10 मेटरिक्स बरामद हुए ।

इस मुठभेड़ में, सर्व श्री सुनील कुमार, भा0पु0से0 पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) श्रीनगर, फारूख अहमद रेशी, निरीक्षक, हरबिन्दर सिंह, हैड कांस्टेबल और नरेन्द्र कुमार, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 20 नवम्बर, 2001 से दिया जाएगा ।

(वरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 72 - प्रेज/2003-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री मोहम्मद शकूर (मरणोपरांत)

कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

कुछ उग्रवादियों के गांव छावा, जिला राजौरी में उपस्थिति की सूचना प्राप्त होने पर, एस.ओ.जी. राजौरी/सेना ने 24-25/05/2002 को उक्त गांव की घेराबन्दी और तलाशी का अभियान शुरू किया । इस अभियान के दौरान, कांस्टेबल मोहम्मद शकूर, सिपाही शविन्दर सिंह ओर एस.पी. ओ. मोहम्मद असलम और सेना के कुछ जवान उस मकान की तरफ बढ़े जहां से उग्रवादी, तलाशी पार्टी पर अन्धाधुंध गोलीबारी कर रहे थे । कांस्टेबल मोहम्मद शकूर अपनी जान की परवाह न करते हुए अकेले ही उस घर के अन्दर घुस गए । एक उग्रवादी, जो पलंग के नीचे छिपा हुआ था, ने कांस्टेबल पर गोलीबारी कर उसे गम्भीर रूप से घायल कर दिया । तब तक, कांस्टेबल शविन्दर सिंह ओर एस.पी. ओ. मोहम्मद असलम ने मोर्चा सम्भाल लिया और उस का पता लगाकर उसे मार गिराया । उन्होंने कांस्टेबल मोहम्मद शकूर के शव को भी ढूंढ निकाला । इस कार्रवाई में तीन दुर्दान्त उग्रवादी मारे गए । मारे गए उग्रवादियों की पहचान बाद में एच एम गुट के मोहम्मद शहीद उर्फ अबू बिलाल, अलबदर गुट के जब्बर, पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर निवासी और जे ई एम गुट के सुल्तैन टीपू, पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर निवासी के रूप में की गई । कार्रवाई स्थल से निम्नलिखित समान बरामद हुआ:- (i) 03 राइफल ए.के.-56 (ii) 14 मैगजीन (iii) 01 पिस्टल (iv) 03 हथगोले (v) 01 वायरलैस सेट (vi) 46 राउन्द ए.के. गोला बारूद (vii) 01 यू बी जी एल गोला-बारूद ।

इस मुठभेड़ में, (दिवंगत) श्री मोहम्मद शकूर, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया और सेवा की उच्च परम्परा को बनाए रखते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 25 मई, 2002 से दिया जाएगा ।

बरुण मित्रा

(बरूण मित्रा)

निदेशक

सं0 73 - प्रेज/2003-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों का नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. अशोक कुमार गुप्ता, भा.पु.सेवा, उप महानिरीक्षक
2. नियाज अहमद, कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

11.01.2002 को प्रात: श्री अशोक कुमार गुप्ता, भा.पु. सेवा, उप महानिरीक्षक, अनन्तनाग को एक स्त्रोत से सूचना प्राप्त हुई कि विभिन्न उग्रवादी गुटों के 2 जिला कमांडर 1 बटालियन कमांडर और एक कंपनी कमांडर सहित 6 कुख्यात उग्रवादी, अनंतनाग जिला मुख्यालय से 50 कि.मी. दूर डी.एच. पोरा तहसील कुलगाम में जिला उधमपुर की सीमा से लगी पीर पंचाल पहाड़ियों में एक गूजर कोठा (बेहाक) में एक बैठक करने के लिए इकठ्ठे हुए है। यह भी पता चला कि उग्रवादी प्रात: अपने छिपने का स्थल बदल सकते हैं। श्री गुप्ता, उप महानिरीक्षक ने बर्फ से ढकी पहाड़ियों के तग दर्रों या अंधेरे में रास्ते में संभावित प्रतिघात का जोखिम उठाते हुए अंधेरे में शून्य से नीचे के तापमान में बलों को लामबंद किया। श्री गुप्ता, उप महानिरीक्षक ने सुरक्षा बलों को सूचित करने और उन्हें तुरंत पीछे आने के लिए कहकर एस.ओ.जी. कुलगाम के 14 कांस्टेबलों के साथ आगे बढ़े। उनकी अगुआई में दल तीन घंटे तक बर्फ से ढकी दुर्गम पहाड़ियों पर चढ़ने के पश्चात 0600 बजे नाका बेहक, होम पाथरी पहुँचा। बेहक, दोदा कुचन जंगलों के ऊपर समुद्र तल से 10500 फुट की ऊँचाई पर है। दल अभी वहां पहुँचा ही था कि उग्रवादियों ने सुरक्षा कर्मियों पर गोलीबारी शुरु कर दी। इस अप्रत्याशित घटनाक्रम से सुरक्षा बल कार्मिकों की जानें खतरे में पड़ गई जो अभी चढ़ ही रहे थे और इस बात की सम्भावना थी कि उग्रवादी कार्मिकों को आहत करके भाग सकते हैं। श्री गुप्ता ने चुनौती स्वीकार की और अपने जीवन की परवाह न करते हुए, उन्होंने कांस्टेबल नियाज अहमद के साथ उग्रवादियों पर हठात आक्रमण करने का निर्णय लिया। श्री गुप्ता, उप महानिरीक्षक ने शेष दल को नीचे रक्षात्मक पोजीशन लेने तथा उग्रवादियों को लगातार लेकिन एक-एक कर गोली चलाकर उलझाऐ रखने के लिए कहा। कांस्टेबल नियाज अहमद के साथ श्री गुप्ता, उप महानिरीक्षक ने बायीं तरफ से दुर्गम पहाड़ी और छोटी पहाड़ियों पर चढ़ना शुरु किया। कुछ मिनटों में वे, कांस्टेबल नियाज अहमद के साथ उग्रवादियों के पीछे की तरफ से पहुँचने में सफल हो गए और उन्होंने उग्रवादियों पर भारी गोलीबारी कर दी। उग्रवादियों ने तत्काल रक्षात्मक पोजीशन ले लीं। इसी बीच अन्य सुरक्षा कर्मी और निकट आ गए तथा घेराबंदी कर ली। मुठभेड़ लगभग 7 घंटे तक चली जिसमें सभी 6 उग्रवादी मारे गए। कोठा, जिसे छिपने के स्थान के रुप में प्रयोग किया जा रहा था से बड़ी मात्रा में शस्त्र और गोलाबारुद बरामद हुए, जो गोलीबारी के कारण आग लगकर नष्ट हो गया।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री अशोक कुमार गुप्ता, भा.पु.से उप महानिरीक्षक और नियाज अहमद कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनाक 11 जनवरी, 2002 से दिया जाएगा ।

(वरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 74 - प्रेज/2003-राष्ट्रपति, मणिपुर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का बार/पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों का नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. टीएच. कृष्णातोम्बी सिंह, उप निरीक्षक (वीरता के लिए पुलिस पदक का तृतीय बार)
2. मोहम्मद युसुब अली, सहायक उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

14.11.2000 को लगभग 11 बजे पूर्वाहन को एक सूचना मिलने पर कि 5/6 सशस्त्र युवकों ने फैयेंग गांव से एक एल.एम.एल. वेस्पा का अपहरण कर लिया है, निरीक्षक एम. मुबी सिंह, उप निरीक्षक टीएच. कृष्णातोम्बी सिंह और सहायक उप निरीक्षक युसुब अली के नेतृत्व में 3 कमांडो दलों को उपर्युक्त क्षेत्र में उन व्यक्तियों को पकड़ने के लिए तैनात किया गया। जब तीन कमांडो दल इरेंग गांव के नजदीक सिग्दा डैम हिल रेंज की तरफ बढ़ रहे थे, तभी कुछ सशस्त्र युवकों ने अचानक कमांडो पर गोलियां चला दीं। कमांडो अपने-अपने वाहनों से बाहर कूद गए और मोर्चा लिया तथा जवाबी गोलीबारी की। निरीक्षक एम. मुबी सिंह के समग्र प्रचालन नियंत्रण में कमांडो ने युक्तिपूर्ण और रणचातुर्य से जवाबी कार्रवाई की। उप निरीक्षक कृष्णातोम्बी सिंह के दल ने उत्तर-पश्चिम दिशा की तरफ से घेरा डाला, सहायक उप निरीक्षक युसुब अली और उसके दल ने दक्षिण-पश्चिम तरफ से घेरा डाला जबकि निरीक्षक मुबी और उसका दल पश्चिम दिशा की तरफ आगे बढ़ा। यह पहाड़ी क्षेत्र था और आगे घना जंगल था और सुसज्जित उग्रवादियों ने उपयुक्त पूर्व-योजना के साथ कमांडो पर लाभकर पोजीशन से हमला किया। इन सभी दबावों और विपरीत परिस्थितियों के बावजूद कमांडो ने तेजी से और युक्तिपूर्ण तरीके से जवाबी कार्रवाई की। आखिरकार, भारी गोलीबारी के बीच, निरीक्षक मुबी सिंह और उनके पीछे - पीछे राइफलमैन इबुंगो निडरता से रेंगते हुए आगे बढ़े और युवकों पर गोलिया चलायी। ऐसा प्रतीत हुआ कि कुछ युवक निरीक्षक मुबी तथा राइफलमैन इबुंगो द्वारा की गई भीषण गोलीबारी और अदम्य वीरता के कारण जख्मी हो गए। युवकों के पास पहाड़ी की तरफ वापस जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं रह गया था। निरीक्षक मुबी ने डब्ल्यू.टी. सेट पर उप निरीक्षक कृष्णातोम्बी और सहायक उप निरीक्षक मोहम्मद युसुब अली को सूचित किया कि जख्मी हुए युवक पश्चिमी पहाड़ियों की तरफ भाग रहे हैं। उप निरीक्षक कृष्णातोम्बी और सहायक उप निरीक्षक मोहम्मद युसुब अली ने तत्काल उनके भाग निकलने के रास्ते को दोनों तरफ से रोक दिया और अंतत: दोनों अधिकारियों ने सीधे युवकों का सामना किया। उग्रवादी, जो अधुनातन हथियारों से सुसज्जित थे, देवदार वृक्षों के पीछे से निरंतर गोलीबारी करते रहे। तथापि, उप निरीक्षक कृष्णातोम्बी सिंह और सहायक उप निरीक्षक मोहम्मद युसुब अली मुठभेड़ में दो सशस्त्र युवकों का सफाया करने में कामयाब हो गए। इन युवकों की बाद में (1) चिगैंगबाम जितेन उर्फ नोंगदेम्बा, थाओरोईजाम गांव, मनिंग लेकई और (2) पी एल ए का फाकुंग अवांग लोइकाल खूखार कार्यकर्ता के हिजाम बिशेशर सिंह उर्फ मचा के रुप पहचान की गई। घटनास्थल से क्रमश: 10 सक्रिय कारतूस और 6 सक्रिय कारतूस से भरी 2 (दो) ए.के.-56 राइफलें बरामद की गई।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री टीएच. कृष्णातोम्बी सिंह, उप निरीक्षक और मोहम्मद युसुब अली, सहायक उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, वीरता के लिए पुलिस पदक का बार/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 14 नवम्बर, 2000 से दिया जाएगा।

(वरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 75 - प्रेज/2003-राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों का नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. शाहनवाज खान, कंपनी कमांडर (मरणोपरांत)

2. अजय कुमार तिवारी, कांस्टेबल (मरणोपरांत)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

11.3.98 को पुलिस अधीक्षक बहराइच श्री डी.एल. रतनाम को, एक विश्वसनीय सूचना मिली कि एक खूंखार आतंकवादी और खालिस्तान कमांडो फोर्स का चीफ, जरनैल सिंह सतराना उर्फ जाईला, जिसके सिर पर 6.5 लाख रु0 का इनाम भी था और जिसकी पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश राज्यों को तलाश है, श्री कृपा राम यादव उर्फ ढिल्लर के घर में रघुनाथपुर, पुलिस स्टेशन [illegible], जिला बहराइच में मौजूद है। तदनुसार, पुलिस अधीक्षक बहराइच ने अपेक्षित बल को बुलाया और अपराधी को पकड़ने के लिए अभियान की योजना बनाई। उन्होंने बल को चार दलों में विभाजित किया जिसका नेतृत्व श्री शिव प्रसाद उपाध्याय, सी. ओ. [illegible] और सी. ओ. [illegible] श्री महेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। पुलिस दलों ने, आतंकवादी के छिपने की तरफ तत्काल कूच किया और श्री कृपा राम यादव के घर को घेर लिया तथा अपराधी से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। क्योंकि वहाँ से कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई, पुलिस अधीक्षक ने, श्री एल.आर. दिवाकर, निरीक्षक को इस घर के अंदर आंसू गैस का एक हथगोला फेंकने का निदेश दिया अन्यथा हो सकता था कि आतंकवादी शाम तक बाहर न निकले और रात में अंधेरे का लाभ उठाकर भाग निकले। आतंकवादी ने आगे बढ़ रहे पुलिस दल पर उन्हें मारने और बल में आतंक फैलाने के इरादे से ए.के.-47 से अंधाधुंध गोलीबारी की। एस.ओ. मोतीपुर, एस.ओ. रुपायेदिहा, कंपनी कमांडर और कांस्टेबल सर्वश्री जय प्रकाश सिंह और अजय कुमार तिवारी ने मोर्चा लिया और अपने प्राणों की परवाह न करते हुए आतंकवादी पर गोलीबारी की। इस पर आतंकवादी ने पश्चिमी दरवाजा खोला और गोलियां चलाता हुआ बाहर निकला, तथा पश्चिमी दिशा की तरफ बढ़ा। सी. ओ. नानपाड़ा और पी.ए.सी. कांस्टेबल राम कृपाल साही ने आतंकवादी पर गोलियां चलायीं, जो श्री अजय कुमार तिवारी के नजदीक पहुँच गया, जिनकी राइफल दो राउंड गोलियां चलाने के पश्चात बंद हो गई थी, और उग्रवादी ने उन पर गोलियां चलाईं तथा दक्षिण की तरफ बढ़ गया। स्वयं को घिरा हुआ पाकर, आतंकवादी पुलिस वाले पर निरंतर गोलीबारी करता हुआ गांव की तरफ आगे बढ़ा। सी. ओ. रिसिया ने भी अपने

साथियों के साथ आतंकवादी पर गोलीबारी शुरु कर दी लेकिन आतंकवादी की गोली श्री शोहराब खान, कंपनी कमांडर और कांस्टेबल जय प्रकाश सिंह को लग गई। श्री शोहराब खान घटनास्थल पर गिर गए। कांस्टेबल जय प्रकाश सिंह ने जख्मी होने के बावजूद और एस.ओ. मोतीपुर तथा एस.ओ. रुपायेदिहा एक वृक्ष की आड़ लेकर निरंतर गोलीबारी करते रहे। आतंकवादी दक्षिण से उत्तर को अंदर की तरफ आने वाले रास्ते से, गांव में घुस गया और गोलीबारी शुरु कर दी। पुलिस दल जिसका नेतृत्व सर्वश्री डी.एल. रतनाम, पुलिस अधीक्षक, एल.आर. दिवाकर, निरीक्षक, उदय राज तिवारी, एस.ओ. रुपायेदिहा, एस.ओ., मोतीपुर, सी. ओ. रिसिया और गनर हैड कांस्टेबल ए.पी. रामरक्षा पाठक, ने दिवार ओर कुऐं की आड़ लेते हुए, गोलीबारी शुरु कर दी और आतंकवादी को घटनास्थल पर मार गिराया। श्री शोहराब खान, कंपनी कमांडर और कांस्टेबल अजय कुमार तिवारी, जो जख्मी हो गए थे, ने बाद में जख्मों के कारण दम तोड़ दिया। कार्रवाई के पश्चात 102 सक्रिय कारतूसों के साथ एक ए.के. 47 राइफल और तीन मैगजीन, पिस्तौल के 09 सक्रिय कारतूस, तार सहित एक डिटोनेटर, बम बनाने के प्रयोग में आने वाला दो रंगों में रासायनिक पाउडर, 9 चार्जर, .303 राइफल का एक खाली कारतूस (खोखा)और 40,650रु0 नकद बरामद हुए।

इस मुठभेड़ में, (दिवंगत)सर्व/श्री शोहराब खान, कंपनी कमांडर और अजय कुमार तिवारी, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 11मार्च,1998 से दिया जाएगा ।

(वरुण मित्रा)
निदेशक

सं0 76 - प्रेज/2003-राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री शरद प्रताप सिंह,
निरीक्षक, एस.एच.ओ., पुलिस स्टेशन मोठ, झांसी

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

17.8.2000 को निरीक्षक एस.पी. सिंह को एक स्त्रोत से सूचना प्राप्त हुई कि धन सिंह धीमर का गैंग जिला जालोन, पुलिस स्टेशन दाबोह, जिला भिंड, मध्य प्रदेश से अपहृत आठ पीड़ितों के साथ पिछले कई दिन से पाहुज नदी के किनारे घूम रहा है और पुलिस स्टेशन पंदोखर जिला दतिया मध्य प्रदेश श्री एस.पी. सिंह, निरीक्षक ने टेलीफोन पर इस सूचना के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झांसी को इसकी जानकारी दी। पुलिस उप महानिरीक्षक, झांसी ने, पाहुज नदी से सटे हुए 8 या 10 कि.मी. तक फैले घने जंगल में धन सिंह धीमर गिरोह के, 8 अपहृत व्यक्तियों के साथ मौजूद होने के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को भी सूचित किया। उप महानिरीक्षक ने अपने मुखबिर को, दतिया (मध्य प्रदेश) से सटे क्षेत्र में तंगघाटी और जंगलों में डकैत धन सिंह की मौजूदगी, दोनों स्त्रोतों से पुष्टि होने तक, श्री एस.पी. सिंह, को सौंप दिया। गत्तारा गांव सजन्नी पुलिस स्टेशन समथर के जंगल में एक छानबीन अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। तदनुसार 18.8.2000 को निरीक्षक एस.पी. सिंह के नेतृत्व में एक धावा बल गठित किया गया जो मुखबिर द्वारा बताई गई जगह पर पहुँचने के लिए जंगल में गया। प्रातः 8 बजे के लगभग, पुलिस दल ने देखा कि शस्त्रों से पूरी तरह से सुसज्जित 10-12 लोग उनकी तरफ आ रहे हैं। जब डकैतों का गिरोह आ गया तो निरीक्षक, एस.पी. सिंह ने उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए कहा क्योंकि वे चारों तरफ से घिर चुके थे। डकैतों ने अकारण गोलीबारी शुरु कर दी। अचानक गोलीबारी के कारण एक गोली, सनसनाती हुई निरीक्षक सिंह के सिर के ऊपर से निकल गई, लेकिन वे बच गए। निरीक्षक एस.पी. सिंह ने अपने दल की आड़ लेने ओर अपने बचाव में गोलीबारी करने का निदेश दिया। चीखने की एक ऐसी आवाज सुनाई दी जैसे किसी को गोली लग गयी हो। एक व्यक्ति अपने हाथ ऊपर उठाए यह चिल्लाते हुए, दौड़ते हुए उनकी तरफ आया कि वह एक अपहृत व्यक्ति है। किसी भी निर्दोष व्यक्ति को किसी भी प्रकार की शारीरिक चोट न पहुंचे इसलिए निरीक्षक एस.पी. सिंह और उनके दल ने गोलीबारी बंद कर दी और अपराधियों का पीछा किया लेकिन वे भागने में सफल हो गए। अपहृत व्यक्ति ने स्वयं को प्रदीप कुमार श्रीवास्तव बताया। तलाशी के दौरान, सावधानीपूर्वक आगे बढ़ते हुए, निरीक्षक एस.पी. सिंह ने एक डकैत को मृत पाया। बाद में डकैत की पहचान, छदामी धीमर एक कट्टर, कुख्यात अपराधी और धन सिंह गिरोह के सदस्य के रुप में की गई जिस पर 22,500/-रु0 का इनाम था। वह इससे पहले गिरोह के सरगना धन सिंह और प्रेम धोबी के साथ पुलिस हिरासत से भाग गया था। मुठभेड़ स्थल से निम्नलिखित मदें बरामद हुईं:-

(i) एक .303 बोर राइफल (ii) एक .303 बोर 10 कारतूस वाली एक बेल्ट (iii) राइफल के चैंबर में इस्तेमाल किया गया एक कारतूस (iv) .325 बोर के 25 कारतूसों की एक बेल्ट (v) 12 बोर के 25 कारतूसों की एक बेल्ट (vi) स्टील की 6 चेन।

इस मुठभेड़ में, श्री शरद प्रताप सिंह, निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18 अगस्त, 2000 से दिया जाएगा ।

(वरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 77 - प्रेज/2003-राष्ट्रपति, असम राइफल्स के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री नैना सिंह कोरंगा

सुबेदार, 6 असम राइफल्स

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

लाजू में नेशनल सोशलिस्ट काऊंसिल ऑफ नागालैंड (खापलांग) ग्रुप के उग्रवादियों की मौजूदगी की सूचना के आधार पर, बी कंपनी के सुबेदार नैना सिंह के नेतृत्व में एक टुकड़ी को इन उग्रवादियों, जो लाजू गांव, तिरपा जिले से जबरन धन उगाही कर रहे थे, को मारने/पकड़ने के लिए भेजा गया। सुबेदार नैना सिंह ने 2.5.2002 को 0700 बजे से 1600 बजे तक लगभग 200 घरों वाले समूचे गांव की तलाशी ली लेकिन वहाँ उग्रवादियों का कोई अता-पता नहीं था। उसके पश्चात, अपनी ओर से पहल करते हुए, सुबेदार नैना सिंह अपनी टुकड़ी को घने जंगल से होकर खड़ी पहाड़ियों से नीचे गांव की झूम झोपड़ियों तक लाए। एक झोंपड़ी के नजदीक, जिसका प्रवेश द्वार बंद किया गया था, सुबेदार नैना सिंह को संदेह हुआ और टुकड़ियों के साथ उसकी घेराबंदी की। उसके पश्चात अपने साथ एक और जवान को लेकर, सुबेदार नैना सिंह प्रवेश द्वार के नजदीक बढ़े और जैसे ही उन्होंने उसे ठोकर मार कर खोला, उन्होंने हथियारों से लैस चार से पांच व्यक्तियों को अंदर बैठे पाया। अपने दल के लिए सशस्त्र उग्रवादियों से उत्पन्न गंभीर खतरे को भांपते हुए, सुबेदार नैना सिंह तत्काल कूदे और उन्हें दबोच लिया और साथ-साथ अपनी टुकड़ी से अतिरिक्त मदद के लिए चिल्लाए। तत्काल चार जवानों ने झोंपड़ी में प्रवेश किया और अन्य व्यक्तियों को काबू कर लिया तथा अतिरिक्त हथियार बरामद किए। इस द्रुत कार्रवाई में सूबेदार नैना सिंह एन.एस.सी.एन.(के) के पांच उग्रवादियों को जिंदा पकड़ने में कामयाब हुए और गोली चलाए बगैर, दो ए.के.-56 राइफलें, एक 7.62 एम.एम. एस.एल.आर., और एक एम-21 राइफल सहित चार हथियार बरामद किए।

इस मुठभेड़ में, श्री नैना सिंह कोरंगा, सुबेदार ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 2 मई, 2002 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)

निदेशक

सं0 78 - प्रेज/2003-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री आर.एस. मनराल
कमांडेंट, 120 बटालियन, सीमा सुरक्षा बल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

20.10.2001 को लगभग 1345 बजे, उग्रवादियों द्वारा आई.ई.डी. को प्लांट करने के बारे में एक विशिष्ट सूचना पर, कमांडेंट आर.एस. मनराल ने उस विशेष क्षेत्र में तैनात रोड ओपनिंग दल को उग्रवादियों के भागने के संभावित रास्तों को बंद करने का आदेश दिया। उन्होंने अपनी व्यूह अभियान योजना तैयार की और 138 बटालियन और विशेष ऑपरेशन ग्रुप की उपलब्ध टुकड़ियों को लामबंद किया। कमांडेंट मनराल ने टुकड़ियों को तीन विभिन्न दलों में विभाजित किया और तलाशी अभियान शुरु करने से पहले उन्हें संपूर्ण क्षेत्र की घेराबंदी करने के आदेश दिए। तलाशी शुरु होने के पश्चात, एक तलाशी दल ने नाले के निकट घनी बनस्पति में छिपे हुए तीन उग्रवादियों को देखा। उग्रवादियों ने अपने स्वचालित हथियारों से तलाशी दल पर भारी गोलीबारी शुरु कर दी। उनकी गोलीबारी काफी उग्र थी, लेकिन सुरक्षा बलों ने गोलीबारी को कारगर रुप से निष्क्रिय कर दिया। दोनों तरफ से हुई गोलीबारी के दौरान, एक उग्रवादी को घटनास्थल पर ही मार गिराया गया। तथापि, शेष दो उग्रवादियों ने ऊँचे-नीचे तल वाले नाले और घनी बनस्पति का लाभ उठाते हुए भागने का प्रयास किया। लेकिन कमांडेंट मनराल, जोकि घटनास्थल पर मौजूद थे, ने भाग रहे उग्रवादियों को देख लिया और उन्होंने अपने दल को उनका पीछा करने का आदेश दिया। कमांडेंट मनराल, ने आगे से अपनी पार्टी का नेतृत्व करते हुए उग्रवादियों द्वारा की जा रही गोलीबारी के बीच अपने प्राणों की परवाह किए बिना उनका पीछा करना शुरु कर दिया। दल, उग्रवादियों को एक बनस्पति बाग, जिसके चारों तरफ दीवार थी, में घेरने में कामयाब हो गए जहां पर उग्रवादियों को अच्छी आड़ मिल गई। बगीचे के अंदर फंसे उग्रवादियों ने दल को उलझाए रखा तथा कुछ समय तक दोनों तरफ से गोलीबारी होती रही। कमांडेंट मनराल ने बनस्पति बगीचे पर धावा बोलने का निर्णय लिया ताकि उग्रवादी आसन्न अंधेरे का फायदा न उठा सकें। वे स्वयं, अपने दल के साथ रेंगते हुए, बनस्पति बगीचे के लगभग 15 गज नजदीक तक गए जहां से उन्होंने अपने दल के कांस्टेबल बिमलेश और त्रिलोचन सिंह को उग्रवादियों को बाहर निकालने के लिए बनस्पति बगीचे के अंदर ग्रेनेड फेंकने का निदेश दिया। रेंगते हुए आगे जाकर अधिकारी ने स्वयं पोजीशन ली और उग्रवादियों के भाग निकलने के रास्ते को कवर कर लिया। कमांडेंट मनराल के दल द्वारा फेंके गए ग्रेनेडों के फलस्वरुप, बगीचे के अंदर फंसे दो उग्रवादियों ने कमांडेंट मनराल और दल पर भारी गोलीबारी करके बनस्पति बगीचे से भागने का प्रयास किया। कमांडेंट मनराल को इसका आभास था और ऐसे प्रयास के लिए तैयार थे। उन्होंने स्वयं काफी निकट से, दोनों उग्रवादियों को उलझाए रखा और उन्हें घटनास्थल पर मार गिराया। इस अभियान में, जे.ई.एम. ग्रुप के कुल तीन खूंखार उग्रवादी मारे गए। क्षेत्र की तलाशी लेने पर, 2 ए.के. राइफलें, 1 पिस्तौल सी जेड, 3 राइफल ग्रेनेड्स, 2 रिसीवर यूनिट आई.ई.डी., 5 इलैक्ट्रिक डिटोनेटर, 1 टिफिन बॉक्स (जिसमें आई.ई.डी. फिट था) बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में, श्री आर.एस. मनराल, कमांडेंट, 120 बटालियन, सीमा सुरक्षा बल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 20 अक्तूबर, 2001 से दिया जाएगा ।

वरुण मित्रा

(वरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 79 - प्रेज/2003-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों का नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. अनू टी.पी., सहायक कमांडेंट, 136 बटालियन
2. बलविन्दर कुमार, कांस्टेबल, 136 बटालियन
3. उधब राभा, कांस्टेबल, 136 बटालियन

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

14.05.2002 को, कलाहारा वन में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में एक विशिष्ट सूचना के आधार पर, श्री अनू टी.पी. सहायक कमांडेंट कंपनी कमांडर, 136 बटालियन त्रियथ (राजौरी), जम्मू और कश्मीर ने विशेष अभियान की योजना बनाई। श्री अनू टी.पी. सहायक कमान्डेन्ट आपरेशन बेस मनु से 14 अन्य रैंको के साथ पता लगाओ और विनाश करो मिशन पर, 1000 बजे जंगल की तरफ बढ़े। वन क्षेत्र में छानबीन करने के दौरान, दल ने एक ढोक की तरफ एक महिला की संदिग्ध गतिविधि देखी और उससे पूछताछ करने पर उसने उस क्षेत्र में उग्रवादियों की मौजूदगी की पुष्टि की। कांस्टेबल बलविन्दर के साथ सहायक कमान्डेन्ट अनू चतुराई से ढोक की तरफ बढ़े, जहां आतंकवादियों के छिपे होने का संदेह था। जब वे ढोक के नजदीक थे, तभी दो आतंकवादी नाले की तरफ भागने की कोशिश में ग्रेनेड फेंकते हुए और गोलियां चलाते हुए दरवाजे से बाहर कूद पड़े जहाँ पर पहले से रुकावटें खड़ी की गई थीं। कांस्टेबल उधब राभा ने सूझबूझ दिखाते हुए प्रभावी रुप से कार्रवाई की और दोनों आतंकवादियों को घटनास्थल पर ही मार गिराया। उसके पश्चात, ढोक से जहां पर शेष आतंकवादी छिपे हुए थे, रुक-रुक कर गोलीबारी जारी रही। तथापि, सहायक कमान्डेन्ट अनू और कांस्टेबल बलविन्दर कुमार ढोक की तरफ गोलियां चलाते रहे, जिससे उग्रवादी भाग नहीं सके। उसके बाद, सहायक कमान्डेन्ट अनू और कांस्टेबल बलविन्दर कुमार, रेंगते हुए युक्तिपूर्ण तरीके से आगे बढ़े और ढोक से लगभग 10 से 15 गज तक की दूरी तक पहुंच गए और कमांडिंग पोजीशन ले लीं। कुछ देर बाद दो आतंकेवादी बच कर भागने की चेष्टा में भारी गोलीबारी करते हुए ढोक से बाहर निकले। सहायक कमान्डेन्ट अनू ने अनुकरणीय नेतृत्व और साहस का प्रदर्शन करते हुए, कांस्टेबल बलविन्दर कुमार के साथ मिलकर दोनों उग्रवादियों को घटनास्थल पर मार गिराया। सहायक कमान्डेन्ट अनू ने अनुमान लगाया कि ढोक में और आतंकवादी छिपे हुए हो सकते हैं। इसी बीच टी.ए.सी. मुख्यालय 136 बटालियन और 142 बटालियन से राकेट लांचर के साथ कुमक पहुँच गई। चूंकि समय बीतता जा रहा था और अंधेरा होने से पहले अभियान को पूरा करना था, इसलिए ढोक को रॉकेट दागकर नष्ट कर दिया गया। मलबे की तलाशी लेने पर, 3 ए.के. 56 राइफलें, एक हथगोला, 1 वायरलैस सेट और गोलाबारुद के अतिरिक्त एक और उग्रवादी का शव बरामद किया गया। मुठभेड़ में कुल मिलाकर एच.एम.(पी.पी. आर.) और अल-बदर से संबंध रखने वाले पांच विदेशी आतंकवादी मारे गए।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री अनू टी.पी. सहायक कमान्डेन्ट, बलविन्दर कुमार, कांस्टेबल और उधब राभा कांस्टेबल 136 बटालियन, सीमा सुरक्षा बल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 14 मई, 2002 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 80 - प्रज/2003-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री प्रेम पाल सिंह
कांस्टैबल, 104 बटालियन

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

9 दिसम्बर, 2001 को सूचना मिलने पर, गांव कारपोरा (बडगाम) में एक संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया गया। गांव को, एक साथ, तीन विभिन्न दिशाओं से घेरा गया और संदिग्ध मकान के चारों तरफ भी अलग से एक आंतरिक घेरा डाला गया। मकान की योजनाबंद तरीके से तलाशी की गई। लगभग 0900 बजे, जब गुलाम नबी वानी के घर की तलाशी ली जा रही थी, तो अंदर छुपे हुए आतंकवादियों ने अचानक भारी गोलीबारी की और ग्रेनेड फेंके। यू.बी.जी.एल. से ग्रेनेड दागे। कांस्टेबल प्रेमपाल सिंह, जो अंदरुनी घेरे में थे, पर उग्रवादियों ने अचानक गोलियों और हथगोलों की बौछार कर दी। वे बांयी भुजा के अग्र भाग में गोली लगने से जख्मी हो गए, जिससे उनकी कोहनी की हड्डी टूट गई। एक गोली उनके सीने पर भी लगी लेकिन बुलैट प्रुफ जैकेट के कारण वे बच गए। इससे विचलित हुए बिना, निडरता से कांस्टेबल प्रेमपाल सिंह ने मोर्चा बदला और अपने जख्मों की परवाह न करते हुए अपना काम करते रहे। अत्यधिक चौकसी के साथ, उन्होंने एक उग्रवादी को मकान के प्रथम तल पर एक खिड़की से बाहर झांकते हुए देखा, जो भागने की योजना बना रहा था। गोली लगने से गंभीर रुप से जख्मी होने की परवाह न करते हुए और सीने पर गोली लगने के सदमें के बावजूद कांस्टेबल प्रेमपाल सिंह रेंगते हुए ऐसे बेहतर स्थान की तरफ बढ़े, जहां से वह उग्रवादी पर अधिक प्रभावी गोलीबारी कर सकते थे। दोनों तरफ से हो रही गोलीबारी के बीच, वह जल्दी ही चयनित स्थान पर पहुंच गए और जख्मी होने के बावजूद इतना सटीक निशाना लगाया कि गोली उग्रवादी के सिर पर लगी और वह मर कर प्रथम तल की खिड़की से बाहर जीमन पर आ गिरा। कांस्टेबल प्रेमपाल सिंह द्वारा पहले खूंखार उग्रवादी को मार दिए जाने से आपरेशन पार्टी का मनोबल बढ़ गया और शेष दो उग्रवादी हतोत्साहित हो गए। इस निर्भीक साहस से अत्यधिक प्रेरित होकर आपरेशन पार्टी ने भीषण मुठभेड़ में शेष दो उग्रवादियों को भी मार गिराया। क्षेत्र की तलाशी लेने पर ए.के. श्रेणी की 3 राइफलें, ए.के. श्रेणी की 6 मैगजीन, 2 चीन निर्मित पिस्तौल, 1 यू.बी.जी.एल. और गोला बारुद बरामद किया गया।

इस मुठभेड़ में, श्री प्रेमपाल सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 9 दिसम्बर, 2001 से दिया जाएगा ।

वरुण मित्रा

(वरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 81 - प्रेज/2003-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री राकेश डबराल
सूबेदार ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

4 फरवरी, 2002 को, डी.सी.(जी.) टीम बांदीपुर के सूबेदार(जी) राकेश डबराल को, एस.एच.क्यू. बांदीपुर से सटे हुए गांव कुनान के नजदीक छुपने के एक ठिकाने पर दो कुख्यात उग्रवादियों की मौजूदगी के बारे में सूचना मिली। सूबेदार (जी) राकेश डबराल, डी.सी. (जी) टीम बांदीपुर के चार व्यक्तियों के साथ सेक्टर एच.क्यू. बांदीपुर को कुमुक भेजने का अनुरोध करके, तत्काल उस स्थान की और रवाना हुए।सूबेदार (जी) राकेश डबराल ने पांच सदस्यों की अपनी टीम का नेतृत्व किया और पहाड़ी पर एक नाले में स्थित ठिकाने के बहुत नजदीक पहुंच गए। टुकड़ियों को आते देख, छिपे हुए उग्रवादियों ने अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरु कर दी।सूबेदार (जी) राकेश डबराल और उनकी टीम ने जीमन पर मोर्चा सम्भाला और उग्रवादियों की गोलीबारी का कारगरता के साथ जबाव दिया। कुमुक, जिसमें एक हैड कांस्टेबल और 4 अन्य सदस्य थे, जिस स्थान पर सूबेदार (जी) राकेश डबराल ने मोर्चा ले रखा था वहां से 50 फुट पीछे पहुंच गई थी। उन्हें, एक किनारे से निकट से गोलीबारी करके मदद देने के लिए कहा गया। सूबेदार (जी) डबराल उग्रवादियों की ओर भारी गोलीबारी का सामना करते हुए, रेंगते हुए उनके छिप्ने के ठिकाने के नजदीक पहुंच गए और उग्रवादियों पर गोलियां चलायी, जिसके परिणामस्वरुप एक उग्रवादी घटनास्थल पर ही मारा गया। दूसरे उग्रवादी ने दो बड़े शिलाखण्डों के पीछे शरण ले ली और गोलीबारी करता रहा। सूबेदार (जी) राकेश डबराल ने उग्रवादियों पर हथगोले फेंके। उग्रवादियों और जवानों के बीच गोलीबारी होती रही और अन्ततः दूसरा उग्रवादी भी मारा गया। बाद में, मृत उग्रवादियों की पहचान, एल.ई.टी. गुट से संबंधित जावेद, कूटनाम देवा, पुत्र मो. अमीन दीवानी, निवासी कुनान, बांदीपुर और अबू बकर, निवासी मुल्तान (पाक) के रुप में की गई। इस मुठभेड़ के दौरान सीमा सुरक्षा बल की 20वीं बटालियन के कांस्टेबल जावेद खान किरचे लगने से मामूली रुप से जख्मी हो गए। क्षेत्र की तलाशी लेने पर, 02 राइफलें ए.के. श्रेणी, ए.के. श्रेणी का 102 गोलाबारुद, 2 वायरलेस सेट और 04 हथगोले बरामद हुए।

इस मुठभेड़ में, श्री राकेश डबराल, सूबेदार, सीमा सुरक्षा बल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 4 फरवरी, 2002 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 82 - प्रेज/2003-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री प्रकाश वैष्णव
कांस्टेबल, 161 बटालियन

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

31 जनवरी, 2002 को लगभग 1650 बजे ओ.पी. पार्टी, जिसमें सीमा सुरक्षा बल की 161वीं बटालियन के कांस्टेबल अमरजीत सिंह, कांस्टेबल राम आसरे सरोज और कांस्टेबल प्रकाश वैष्णव थे, अपनी ड्यूटी करने के बाद, सीमा चौकी फान्दा, जिला दक्षिणी गारो हिल्स (मेघालय) लौट रही थी। जब तीनों जवान, क्षतिग्रस्त पुलिया को पार कर रहे थे तो सीमा स्तम्भ सं0 1162/9-एस और 1162/10-एस के बीच उग्रवादियों ने उन पर घात लगाकर भारी गोलीबारी की। कांस्टेबल प्रकाश वैष्णव तत्काल नाले में कूद पड़े और एक टीले पर मोर्चा सम्भाल लिया। उग्रवादियों द्वारा की गई गोलीबारी के परिणामस्वरुप कांस्टेबल अमरजीत सिंह गोली लगने से जख्मी हो गए और उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। दोनों तरफ से गोलीबारी के दौरान, एक उग्रवादी ने कांस्टेबल राम आसरे सरोज को मारने और उनका हथियार छीनने की कोशिश में उन पर खुखरी से हमला किया। कांस्टेबल प्रकाश वैष्णव ने तत्काल गोली चलायी और उग्रवादी को घटनास्थल पर ही मार गिराया। दूसरा उग्रवादी, जो घात लगाकर छिपा हुआ था, ने कांस्टेबल प्रकाश वैष्णव पर हमला किया लेकिन उसे भी कारगर गोलीबारी करके मार गिराया गया। इसी बीच, कांस्टेबल राम आसरे सरोज, जो गोली लगने से जख्मी हो गये थे, ने भी जख्मों के कारण दम तोड़ दिया। शेष उग्रवादी, कांस्टेबल प्रकाश वैष्णव को निष्क्रिय करने के लिए उन पर लगातार गोलियां चलाते रहे। कांस्टेबल प्रकाश वैष्णव द्वारा की गई साहसी और प्रभावी जबावी कार्रवाई के कारण, उग्रवादी मैदान छोड़कर भाग गए, जिससे वे मारे गए कांस्टेबलों के हथियार नहीं ले जा सके। घटनास्थल से चीन निर्मित 4 ग्रेनेड, 124 ए.के. राइफल गोलाबारुद और एक मैगजीन बरामद हुआ। बाद में मीडिया से यह पता चला कि दो और उग्रवादी गोली लगने से जख्मी हुए थे और उनमें से एक मुसान्तो दागो ने 02.02.2002 को दम तोड़ दिया और दूसरे की हालात गंभीर बनी हुई थी।

इस मुठभेड़ में, श्री प्रकाश वैष्णव, सीमा सुरक्षा बल की 161वीं बटालियन के कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 31 जनवरी, 2002 से दिया जाएगा ।

बरुण मित्रा

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 83 - प्रेज/2003-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री बसुआ राज आर. (मरणोपरांत)

कांस्टेबल, 171 बटालियन

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

24 जनवरी, 2002 को गांव-दरबान (बडगाम) में उग्रवादियों के छिपे होने के बारे में सूचना मिलने पर, सीमा सुरक्षा बल पार्टी ने उस गांव में घेराबंदी की और तलाशी अभियान चलाया। जब पार्टी घेरा डाल रही थी तो इस पर उग्रवादियों ने गोलियां चलायी। पार्टी ने दो उग्रवादियों को नाले की तरफ भागते हुए देखा और गोलीबारी का जबाव दिया। दोनों उग्रवादी, जो सम्भवत: गोली लगने से जख्मी हो गए थे, अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गए। अन्य उग्रवादियों, जो गांव के एक मकान में छिपे हुए थे, को कुछ दूर से घेर लिया गया। इसी बीच, दूसरी पार्टी भी वहां पहुंच गई और घेरे को और सुदृढ़ किया गया। आस-पास के मकानों के परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया और अंदरुनी घेरा लक्षित मकान के इर्द-गिर्द डाला गया। निरीक्षक, एस.बी. अली के नेतृत्व वाली पार्टी ने, कांस्टेबल बसुआ राज आर., कांस्टेबल राकेश कुमार और कांस्टेबल मो. रवीस के साथ, घेरा डालने वाली पार्टी की आड़ में मकान के परिसर में प्रवेश किया। पार्टी ने मकान के भूतल की सफलतापूर्वक छानबीन की और प्रथम तल की तरफ बढ़े। कांस्टेबल बसुआ राज आर., जो पार्टी का नेतृत्व कर रहे थे, ने उग्रवादी को दरवाजे के पीछे मोर्चा सम्भालते हुए देख लिया। कांस्टेबल बसुआ राज आर. एक तरफ को कूदे और उग्रवादी को गोली मारकर जख्मी कर दिया। जख्मी उग्रवादी दूसरे दरवाजे से बाहर भागा। कांस्टेबल बसुआ राज आर. ने उसका पीछा किया और स्वयं को उस कमरे में पाया जहां पर अन्य उग्रवादी भी छिपे हुए थे। कांस्टेबल बसुआ राज आर. के साहस से चकित हो कर उग्रवादी मकान की अटारी पर जाने के लिए सीढ़ियों की तरफ भागे। कांस्टेबल बसुआ राज आर. ने उग्रवादियों का पीछा किया और सीढ़िया चढ़ते हुए उग्रवादियों पर गोलियां चलायी। एक उग्रवादी, जो अटारी पर पहुंच गया था, ने मोर्चा लिया और कांस्टेबल बसुआ राज ज्यों ही अटारी में दाखिल हुए उन पर गोलियों की बौछार कर दी। कांस्टेबल बसुआ राज आर. के चेहरे पर गोली लगी और वे जख्मी होकर नीचे गिर गए। निरीक्षक एस.बी. अली, जो कांस्टेबल बसुआ राज आर. के बिल्कुल पीछे थे, ने कांस्टेबल राकेश कुमार और कांस्टेबल मो. रवीस को उग्रवादियों की गोलियों का जबाव देने का आदेश दिया और उन्होंने स्वयं, बहादुरी के साथ गोलियों का सामना करते हुए, अटारी पर धावा बोल दिया तथा जख्मी कांस्टेबल को उसके हथियार सहित वापस ले आए। तब तक, उग्रवादी मकान की अटारी के भीतर आ गए और तलाशी पार्टी पर भारी गोलीबारी शुरु कर दी। तलाशी पार्टी को मकान के बाहरी परिसर में सुरक्षित स्थान पर आना पड़ा, जहां पर कांस्टेबल बसुआ राज आर. ने जख्मों के कारण दम तोड़ दिया। उग्रवादी जिन्होंने घर के विभिन्न स्थानों पर मोर्चा सम्भाल रखा था, भारी गोलीबारी शुरु कर दी और घेराबंदी पार्टी पर ग्रेनेड फेंकने शुरु कर दिए। जब मुठभेड़ जारी थी तो मकान के अंदर एक भारी विस्फोट हुआ जिसके परिणामस्वरुप मकान में आग लग गई, क्योंकि यह मकान लकड़ी का बना हुआ था। आग फैल गई और पूरे मकान को तत्काल अपनी लपेट में ले लिया, जिससे मकान के अंदर ग्रेनेडों और अन्य गोलाबारुद से कई विस्फोट हुए, जिससे इस बात का पता चला कि उग्रवादियों के पास भारी मात्रा में गोलाबारुद और विस्फोटक थे। उग्रवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया और अन्तत: जिंदा जल गए। गोलाबारुद से विस्फोट और आग 24 जनवरी, 2002 को 1500 बजे तक लगभग एक घंटे तक जारी रही। उसके बाद तलाशी अभियान चलाया गया और मलबे से

निम्नलिखित बरामदगी की गई : (क) उग्रवादियों के जले हुए शव-5, (ख) एस.के. श्रेणी की राइफलें-3 (ग) ए.के. श्रेणी के मैगजीन-15, (घ) एंटिना वायलेस सेट-2, (ङ) लीवर चीन निर्मित हथगोले-3, (च) जले हुए/क्षतिग्रस्त ए.के. गोलाबारुद-100 नग ।

इस मुठभेड़ में, श्री (दिवंगत) श्री बसुआ राज आर. सीमा सुरक्षा बल की 171वीं बटालियन के कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 24 जनवरी, 2002 से दिया जाएगा ।

वरुणा मित्रा

(वरूणा मित्रा)
निदेशक

सं0 84 - प्रेज/2003-राष्ट्रपति, केन्द्रीय जांच ब्यूरो के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री पवनजीत सिंह संधु, भा.पु. सेवा (कर्नाटक-89)
पुलिस अधीक्षक, केन्द्रीय जांच ब्यूरो

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

श्री पी.एस. संधु, भा.पु. सेवा, कर्नाटक (1989) को यू.एन. पीस कीपिन्ग मिशन के अन्तर्गत बोस्निया/हरजेगोविना में तैनात किया गया था तथा वे डोरब्रिन्जा विवाचन (आरबीट्रेज) के दौरान अंतर्राष्ट्रीय पुलिस टास्क फोर्स के प्रबंधन में सरजीवो क्षेत्रीय कमांडर थे। उनसे स्थानीय पुलिस प्राधिकारियों को मध्यस्थता पंचाट स्वीकार करने हेतु सहयोग करने तथा अंशदान देने के लिए मनाने और प्रोत्साहित करने को कहा गया। 24.4.2001 को मध्यस्थता पंचाट की घोषणा होने पर, जैसा कि प्रत्याशित था, हिंसा भड़क उठी। श्री संधु ने सरजीवो कैन्टन मिनिस्ट्री ऑफ इन्टीरियर तथा रिपब्लिक ऑफ सरप्स्का पुलिस के साथ-साथ आई.टी.पी.एफ. स्टेशन, सरजीवो वेस्ट तथा सरजीवो सेन्ट्रल के मध्य संपर्क बनाया तथा उन्हें संगठित किया तथा राजनीतिक मतभेदों को दूर किया। उनका आयोजन तथा नियोजन इस आपरेशन में लगे स्थानीय पुलिस, मंत्रीगण, उनके अधीनस्थों तथा अन्तर्राष्ट्रीय पुलिस तक फैल गया। उन्होंने युद्ध क्षेत्र आई.ई.बी.एल. से संचालन किया। उन्होंने स्वयं दो जातीय ग्रुपों को उस समय एक - दूसरे पर आक्रमण करने से रोका जब मकानों पर राकेटों से हमला किया जा रहा था, कारों को आग लगाई जा रही थी तथा चौरास्तों पर जलते हुए टायर रख कर सड़कों को बंद किया जा रहा था। इस अवधि के दौरान छोटे हथियारों से गोलीबारी की गई। जिस समय जब यह सब कुछ चल रहा था, तो उच्च प्रतिनिधि श्री पैट्रिच ने स्वयं जानकारी दी कि विश्वस्त सूत्रों ने उन्हें, भीड़ के पास लांचर सहित राकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड की संभावित मौजूदगी की जानकारी दी है जिसे आई.पी.टी.एफ., एस.एफ. ओ.आर. अथवा स्थानीय पुलिस के विरुद्ध चलाया जा सकता है। कठिन समय/परिस्थति के दौरान क्षेत्रीय कमांडर ने आई.पी.टी.एफ. मॉनीटरों को इस नए घटनाक्रम से अवगत कराया तथा उन्हें ऐसी परिस्थितियों के दौरान अतिरिक्त सुरक्षा एहतियातों के बारे में सलाह दी। कमांडर पी.एस. संधु के समक्ष जब कभी इस प्रकार की कठिन परिस्थितियां आईं तो उन्होंने असाधारण निर्णय लेते हुए कूटनीति का प्रयोग किया। सुविचारित कूटनीति से वे डिप्टीमिनिस्टर ऑफ इन्टीरियर सरजीवो कैन्टन, सहायक को, पुलिस को एक ऐसा लिखित प्रस्ताव देने के लिए राजी कर लिया जिससे दोब्रिन्जा क्षेत्र में रह रहे 53 आर.एस. पुलिस अधिकारियों को कैन्टन पुलिस के रैंकों में खपाया जा सके। इस कार्य से एक पंथ दो काज हो गए अर्थात प्रथमत: आर.एस. पुलिस को नियुक्त करने करने की पेशकश से दोब्रिन्जा समुदाय में एकता लाने तथा हिंसा को रोकने तथा आगे और शान्ति कायम करने में सहायता मिलेगी तथा दूसरे इसके दीर्घकालीन प्रभाव से समुदाय की सुरक्षा बढ़ेगी क्योंकि आर.एस. पुलिस कैन्टन पुलिस में शामिल होगी तथा दोब्रिन्जा समुदाय में रहेगी तथा कार्य करेगी। इससे केवल 7 दिनों में दोब्रिन्जा समुदाय में सामान्य स्थिति बहाल हो गई।

कमांडर श्री पी.एस. संधु ने अपनी कर्त्तव्यनिष्ठा तथा नेतृत्व क्षमता से भारतीय पुलिस और अपने दस्ते की उच्चतम परम्पराओं को बनाए रखा।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 24.4. 2001 से दिया जाएगा ।

वरुण मित्रा

(वरुण मित्रा)
निदेशक

सं0 85 - प्रेज/2003-राष्ट्रपति, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री बाबू लाल राम
हैड कांस्टेबल (जी डी) केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

9.4.2001 को पश्चिमी त्रिपुरा सिधाई पुलिस स्टेशन के तहत एक क्षेत्र में सर्वेक्षण करने के बाद ओ.एन.जी.सी./भूकम्प सर्वेक्षण पार्टी जब केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की सुरक्षा में फटिकचेरा स्थित बेस स्टेशन की ओर लौट रही थी, तो श्रीकृष्ण ठाकुरपाड़ा में ए.टी.टी.एफ. उग्रवादियों ने उन पर घात लगाकर हमला किया। गोली चलने की आवाज सुनकर केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के अन्य कार्मिकों के साथ हैड कांस्टेबल बाबू लाल राम, जो भूकंप सर्वेक्षण पार्टी को एस्कोर्ट कर रहे थे, ने ओ.एन.जी.सी. कर्मचारियों तथा अन्य कार्मिकों, जो सर्वेक्षण के लिए गए हुए थे, की प्राण रक्षा हेतु जवाब में गोलियां चलाईं। हैड कांस्टेबल बाबू लाल राम ने सब यूनिट का इंचार्ज होने के नाते तत्काल कारवाई हेतु हुए अपने कार्मिकों को कारगर गोलीबारी करने में मार्ग निदेशन किया। इस कार्रवाई के दौरान, हैड कांस्टेबल बाबू लाल राम को 5 गोलियां लगीं जिनमें से दो राउन्द उनकी जांघ में, एक राउन्द कंधे में, एक राउन्द बाईं हथेली में और एक राउन्द पेट में लगा। गोलियों के घाव के बावजूद, श्री बाबू लाल राम अदम्य साहस का परिचय देते हुए तब तक गोलियां चलाते रहे जब तक कि उग्रवादी घटना स्थल से भाग नहीं गए। हैड कांस्टेबल बाबू लाल राम तथा अन्य केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के कार्मिकों ने न केवल ओ.एन.जी.सी. कार्मिकों की प्राण रक्षा की बल्कि वाहनों सहित उनकी मूल्यवान संपत्ति के साथ-साथ केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल कार्मिकों के हथियार व गोलाबारुद की भी रक्षा की।

इस मुठभेड़ में, श्री बाबू लाल राम, हैड कांस्टेबल (जी.डी.) ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 9.4.2001 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 86 - प्रेज/2003-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों का नाम और रैंक

1. श्री पृथ्वी सिंह, कांस्टेबल, 120वीं बटालियन
2. श्री एम.एस. बिष्ट, उप निरीक्षक (मरणोपरांत)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

29.7.99 को 120 बटालियन सी. आर.पी.एफ. के कार्मिकों को मलेरिया-रोधी सावधानियां समझाने के लिए जी.सी. ग्रुपकेन्द्र के मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्री बी.एल. मीना वायुयान से सिल्चर आ रहे थे। उन्हें लाने के लिए 4 जिप्सियां तथा एक लेलैंड ट्रक सहित 19 कार्मिक उप निरीक्षक एम.एस. बिष्ट की कमान में, तैनात किए गए थे। कानवॉई सिल्चर से यूनिट मुख्यालय के लिए 16.30 बजे रवाना हुई तथा यह 1830 बजे आर.ओ.पी. प्वाइंट से गुजरी। यह कानवॉई ज्योंही बटालियन मुख्यालय उचाथल से 13 कि.मी. दूर जीरोघाट चाय बागान क्षेत्र में 1900 बजे पहुंची, तो आस-पास पहाड़ियों की चोटियों पर मोर्चा लगाए उग्रवादियों ने कानवॉई वाहनों पर स्वचालित हथियारों से भारी गोलीबारी की। आगे वाली दो जिप्सियां मोड़ से आगे निकल गईं तथा तीसरे वाहन पर दाईं ओर से गोलीबारी हुई। तथापि इसमें सवार कार्मिक बाल-बाल बच गए। पीछे आ रहे चौथे वाहन जिप्सी ने मोड़ पार किया और सड़क के दाहिनी ओर रुकी तथा कार्मिकों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उग्रवादियों की गोलीबारी का जवाब दिया। इसी बीच कानवाई कमांडर उप निरीक्षक एम.एस. बिष्ट पर भारी गोलीबारी की गई तथा उनकी गाड़ी के ड्राईवर के दाहिने हाथ की हथेली और बाईं कलाई पर गोलियां लगीं। वे वाहन को तत्काल दाहिनी पहाड़ी की ओर ले गए, उसे रोका तथा अपने घावों की परवाह न करते हुए मोर्चा संभाल लिया। ड्राइवर साइड से कूदकर बाहर आने के प्रयास में उप निरीक्षक एम.एस. बिष्ट की बाईं जांघ/घुटना, दाईं टांग के पिछले भाग तथा बायां हाथ गोलियां लगने से वे गंभीर रुप से जख्मी हो गए। अपने शरीर पर लगी गंभीर चोटों के बावजूद, उप निरीक्षक एम.एस. बिष्ट वाहन से उतरे तथा उग्रवादियों पर हमला कर दिया वे तब तक गोलियां चलाते रहे जब तक कि अचेत नहीं हो गए। अंतिम वाहन में सवार कांस्टेबल (जी.डी.) पृथ्वी सिंह ने स्थिति की गंभीरता को भांप लिया तथा गोलीबारी शुरु की और अपनी एस.एल.आर. से 17 राउन्द गोलियां चलाईं। जब एस.एल.आर. जाम हो गई तो अपनी जान की परवाह किए बगैर वे इंच-इंच रेंगकर एस.आई. बिष्ट के पास पहुंचे तथा उन्होंने अचेत पड़े उप निरीक्षक (जी.डी.) एम.एस. बिष्ट के पास पड़ी ए.के. 47 संभाल ली तथा उग्रवादियों को मार गिराने के दृढ़ निश्चय के साथ रुक-रुक कर 15 राउन्द गोलियां चलाईं। कांस्टेबल पृथ्वी सिंह ने उनसे केवल 30 मीटर की दूरी पर डटे उग्रवादियों के आक्रमण को विफल करने में अनुकरणीय साहस का परिचय दिया तथा उग्रवादियों को हथियार और वायरलैस सैट आदि नहीं ले जाने दिए।

इस मुठभेड़ में, श्री पृथ्वी सिंह, कांस्टेबल (जी.डी.) और (दिवंगत) श्री एम.एस. बिष्ट, उप निरीक्षक, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 29.7.1999 से दिया जाएगा।

वरुण मित्रा

(वरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 87 - प्रेज/2003-राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों का नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. आर.पी.एस. राणा, कमांडेंट
2. गजेन्द्र प्रसाद सिंह, हैड कांस्टेबल
3. मुरारी प्रसाद सिंह, कांस्टेबल/बी.यू.जी.

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

18.4.2001 को प्रात: 6.45 बजे कठुआ के पुलिस अधीक्षक ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 39वीं बटालियन के कमांडेंट को टेलीफोन पर जानकारी दी कि सशस्त्र उग्रवादियों का एक दल दिनगैंब (पुलिस थाना राजबाग) ग्राम क्षेत्र के तहत कौली-खब्बल में प्रवेश कर गया है। तथा एक गूजर के घर में ठहरा हुआ है। श्री आर.पी.एस. राणा कमांडेंट, कमांडेंट की सुरक्षा पार्टी सहित क्यू. आर.टी. के 32 कार्मिकों के साथ तेजी से उस गांव की ओर बढ़े। सड़क पर पहुंचने के बाद पहाड़ी पर डेढ़ कि.मी. पैदल चल कर वे प्रात: लगभग 7.30 बजे उस गूजर के मकान के पास पहुंच गए। क्षेत्र की भली-भांति घेराबंदी करने तथा अपने कार्मिकों को तैनाती के बाद कमांडेन्ट श्री आर.पी.एस. राणा, हैड कांस्टेबल गजेन्द्र प्रसाद सिंह तथा कांस्टेबल मुरारी प्रसाद सिंह अपने पीछे दो तीन जवानों को लेकर, वास्तविक स्थिति तथा उग्रवादियों की पोजीशन जानने के लिए गूजर के मकान की ओर आगे बढ़े। उग्रवादियों ने आते हुए सैनिकों को देख लिया तथा अंधाधुंध गोलियां चलाते हुए तथा हथगोले फेंकते हुए भागने का प्रयास किया। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कमांडेंट आर.पी.एस. राणा जो अपने प्राणों की परवाह न करते हुए आगे होकर सैनिकों का नेतृत्व कर रहे थे, रेंगते हुए आगे बढ़े तथा एक बड़े पेड़ के पीछे मोर्चा संभाला तथा भागते हुए उग्रवादियों पर गोलियां चलाई। इसी बीच, हवलदार गजेन्द्र प्रसाद सिंह तथा कांस्टेबल मुरारी प्रसाद सिंह, जो कमांडेंट के साथ थे, रेंगते हुए आगे बढ़े और गोलियां चलाई जिसके परिणमास्वरुप दो उग्रवादी घटनास्थल पर ही मारे गए तथा एक उग्रवादी गंभीर रुप से घायल हो गया। इसी बीच, शेष सैनिकों ने भी अपने संबंधित मोर्चों से गोलीबारी की। इंस्पेक्टर पांडे, जो अपनी पार्टी सहित एक ऊंची चोटी पर मोर्चा जमाए थे तथा जो 39वीं बटालियन के कमांडेंट द्वारा संचालित अभियान को स्पष्ट रुप से देख पा रहे थे, ने अपने वायरलैस सैट से कमांडेंट को सूचना भेजी की उन्होंने 3-4 उग्रवादियों को पहाड़ी के ऊपरी ओर पूर्वोत्तर दिशा में भागते हुए देखा है। भागते हुए उग्रवादी अपने हथियारों से तेज गोलीबारी कर रह थे तथा उन्होंने सैनिकों की ओर हथगोले भी फेंके। कमांडेंट राणा ने अपनी पार्टी को पूर्वी छोर की और भाग निकलने के सभी रास्तों को पूरी तरह बंद करने का आदेश दिया। उन्होंने निरीक्षक पांडे को भागते हुए उग्रवादियों की दिशा में एच.ई. बम दागने का निदेश दिया। पार्टी द्वारा पूर्वी छोर को घेर लेने के बाद कमांडेंट राणा ने एक और एच.ई. बम दागने का आदेश दिया जिसके परिणामस्वरुप उग्रवादियों के भागने के सभी मार्ग अस्थायी रुप से बंद हो गए। दोनों ओर से भारी गोलीबारी रही। अब पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर ली गई थी तथा सुरक्षा बलों ने इसे चारों ओर से कवर कर लिया था। घेराबंदी सुनिश्चित करने के बाद कमांडेंट आर.पी.एस. राणा 3-4 जवानों तथा सिविल पुलिस कार्मिकों के साथ निपुणता से रेंगते हुए मकान की तलाशी लेने के लिए आगे बढ़े। जब पार्टी उग्रवादियों के छिपने के स्थान से 25-30 गज दूर रह गई, तो 2 उग्रवादी मरे हुए पाए गए उनके हथियार और गोली-बारुद उनके पास ही पड़ा था।

हथियारों व गोलाबारुद तथा शवों की बरामदी के बाद भागते हुए अन्य तीन उग्रवादियों की खोज जारी रही। तलाशी के दौरान शिलाखंड के पीछे छिपे एक घायल उग्रवादी ने गोलियों की भारी बौछार की। कमांडेंट राणा बाल-बाल बच गए। अनुकरणीय साहस का परिचय देते हुए कमांडेंट राणा रेंगते हुए शिलाखंड की आड़ में छिपे हुए उग्रवादी की ओर बढ़े। घास में कुछ आवाज सुनकर उग्रवादी अचानक पीछे की ओर मुड़ा। तत्पश्चात कमांडेंट राणा और उग्रवादी ने एक-दूसरे पर एक साथ गोली चलाई। राणा की गोली से घायल उग्रवादी मारा गया। मारे गए आतंकवादी के पास से एक ए.के. - 47, 4 मैगजीन, एक वायरलैस सेट तथा 14 हैंड ग्रेनेड्स तथा बड़ी मात्रा में गोला बारुद बरामद हुआ। इस अभियान के दौरान सी.आर.पी.एफ. ने निम्नलिखित हथियार व गोला बारुद आदि भी बरामद किया :- ए.के. 47 राइफलें (4), ए.के. 47 के मैगजीन (20) ए.के. 47 गोली बारुद (428), वायरलैस सेट (1) हैंड ग्रेनेड (14) तथा उग्रवादियों के तीन शव बरामद हुए। कुमुक पहुंचने के बाद सुरक्षा बलों द्वारा छानबीन अभियान चलाया गया जिसमें 4 और उग्रवादियों के शव बरामद हुए। इस आपरेशन में कुल सात उग्रवादी मारे गए। मारे गए उग्रवादियों से 8 ए.के. राइफलें, 50 ए.के. मैगजीनें, 1020 ए.के. गोलीबारुद, मैगजीन सहित एक यू.एम.जी. तथा 308 मैचिन्ग गोली-बारुद, दो मैगजीनों तथा एक साइलैन्सर सहित एक पिस्तौल 4 वायरलैस सैट तथा 49 हथगोले बरामद हुए।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री आर.पी.एस. राणा, कमांडेंट, गजेन्द्र प्रसाद सिंह, हैड कांस्टेबल, तथा मुरारी प्रसाद सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18.4.2001 से दिया जाएगा ।

वरुण मित्रा

(वरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 88 - प्रेज/2003-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री मूल सिंह
कांस्टेबल, 112 बटालियन के.रि.पु. बल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

ई/112 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल को आर.ओ.पी. ड्यूटी के लिए लैमडन में तैनात किया गया था। 18.7.2000 को, लगातार वर्षा हो रही थी और धुंध के कारण सड़क पर कम दिखाई दे रहा था। श्री देबाशीष बिश्वास, सहायक कमांडेंट ने आर.ओ.पी. ड्यूटी पर चलने से पूर्व जवानों को भली-भांति ब्रीफ किया। चार सैक्शनों से हुई आर.ओ.पी., श्री देबाशीष बिश्वास, कम्पनी ओ.सी. के अधीन कैम्प से 0810 बजे रवाना हुई। नेतृत्व करने वाली सैक्शन उप निरीक्षक नाबूर कुजूर की कमान में था। अन्य तीन सैक्शनें इस सैक्शन के पीछे आ रही थीं। ये सभी सैक्शनें सड़क पर चल रही थीं। अग्रिम सैक्शन जब हिलौक (उनकी तैनाती का स्थान) पर मोर्चा लेने के लिए सड़क के ऊपर की तरफ बढ़ने ही वाली थी, तो उन पर पी.एल.ए. उग्रवादियों द्वारा हिलौक क्षेत्र से अत्याधुनिक हथियारों से भारी गोलीबारी की गई। के.रि.पु. बल कार्मिकों ने तुरन्त जवाबी गोलीबारी प्रारम्भ की परन्तु तब तक दुर्घटना हो चुकी थी। दोनों तरफ से 10-12 मिनट तक गोलीबारी हुई। लगभग 40 की संख्या में उग्रवादियों ने आर.ओ.पी. पर भारी गोलीबारी कर उन्हें काबू कर लिया। शेष तीन सैक्शनों द्वारा की जा रही जवाबी कार्रवाई या तो उद्देश्यहीन थी अथवा अप्रभावी क्योंकि वह मोर्चों से घटना-स्थल की ओर आगे बढ़े बिना, की जा रही थी। इस घात में उप निरीक्षक नाबूर कुजूर, कांस्टेबल अरुण कुमार, कांस्टेबल रंग लाल मोना और कांस्टेबल मुकेश कुमार मारे गए। कांस्टेबल मूल सिंह, जो अग्रिम सैक्शन के आखिर में थे, पर भी उग्रवादियों ने भारी गोलीबारी की परन्तु उन्होंने सराहनीय कार्य किया और अपनी जान की परवाह न करते हुए, अपनी दोनों जांघ (अर्थात, दोनों टांगों की जांघ हड्डी फैक्चर) गोली लगने से जख्मी होने के बावजूद वे तब तक अपनी एस.एल.आर. राइफल से प्रभावी गोलीबारी करते रहे जब तक कि वे बेहोश नहीं हो गए। उनके उक्त साहसिक कार्य के कारण, उग्रवादियों के पास घने जंगल की आड़ लेते हुए भागने के अलावा और कोई चारा नहीं था। उन्होंने न केवल अपनी जान बचाई बल्कि हथियार/गोला बारूद व रेडियो उपकरण और अपने अन्य सहयोगियों के बहुमूल्य जीवन को भी बचाया।

इस मुठभेड़ में, श्री मूल सिंह, कांस्टेबल, 112 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18 जुलाई, 2000 से दिया जाएगा ।

(वरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 89 - प्रेज/2003-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. के.एस. राणा, सहायक कमांडेंट, के.रि.पु.बल
2. हृदय राम, हैड कांस्टेबल, के.रि.पु. बल
3. उत्पल देव, कांस्टेबल, 6 बटालियन, के.रि.पु. बल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

